दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



सबसे प्यारी सबसे न्यारी मेरी मां...... अपनी लविंग मॉम को........

वर्ष : 11 | अंक : 142 | लखनऊ, 10 मई, शनिवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# आतंकियों का खुला समर्थन दर्शाता है कि पाकिस्तान अब अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहा है: सीएम योगी

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि यह सिद्ध तथ्य है कि पाकिस्तान आतंकवाद में शामिल है और उसे अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योगी ने कहा, 'भारत हर परिस्थिति में विजयी है और विजयी रहेगा।' उन्होंने कहा, 'आप सभी ने देखा होगा कि आतंकवादियों के अंतिम संस्कार में पाकिस्तान के शीर्ष सैन्य अधिकारी और कुछ राजनेता कितनी बेशर्मी से शामिल हुए। इससे पूरी दुनिया की आंखें खुल जानी चाहिए कि पाकिस्तान न केवल आतंकवाद को पनाह देता है, उसे पनाह देता है या प्रायोजित करता है, बल्कि आतंकवाद में सीधे तौर पर शामिल भी है।'



### आतंकवाद को पाकिस्तान का खुला समर्थन

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि भारत की हालिया जवाबी कार्रवाई में मारे गए आतंकवादियों के प्रति पाकिस्तान का खुला समर्थन यह साबित करता है कि वह देश न केवल आतंकवाद का पनाहगाह है, बल्कि अब 'अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहा है।' महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर लखनऊ में एक सभा को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा, 'भारत की कार्रवाई के बाद, जब आतंकवादी मारे गए, तो पाकिस्तान के शीर्ष सैन्य अधिकारी और राजनेता उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुए।इस बेशर्मी भरे प्रदर्शन से दुनिया की आंखें खुल जानी चाहिए।'

### पाकिस्तान केवल आतंकवाद को संरक्षण नहीं दे रहा, वह सीधे तौर पर इसमें शामिल है

उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान केवल आतंकवाद को संरक्षण नहीं दे रहा, वह सीधे तौर पर इसमें शामिल है। उसकी संलिप्तता अब इतनी स्पष्ट हो गई है कि उसे अपने अस्तित्व के लिए भी संघर्ष करना पड़ेगा।' जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत ने कड़ा जवाब देने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा, आप सभी ने देखा होगा कि हमारे पर्यटकों पर कितनी बर्बरता से हमला किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दृढ़ संकल्प लिया और हमारे बहादुर सैनिकों ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया। आदित्यनाथ ने लोगों से राष्ट्रीय एकता बनाए रखने और 'परीक्षा की इस घड़ी' के दौरान सशस्त्र बलों का समर्थन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, प्रत्येक भारतीय को जिम्मेदारी से काम करना चाहिए। यदि कोई शरारती तत्व अशांति फैलाने की कोशिश करता है, तो हमें सतर्क रहना चाहिए और राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने वाले किसी भी कृत्य का पदार्फाश करना चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए फैलाई जा रहीं गलत सूचनाओं के बारे में भी चेतावनी दी। मुख्यमंत्री ने कहा, अफवाहें फैलाने की कोशिशें होंगी। लेकिन हमें ऐसे शोर को नजरअंदाज करना चाहिए और प्रधानमंत्री मोदी के साथ चलना चाहिए। भारत जीतेगा-इसमें कोई संदेह नहीं है। आदित्यनाथ ने अपने संबोधन के अंत में कहा कि महाराणा प्रताप जयंती कठिन समय में एकजुट रहने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा, यह अवसर हमें अपने सुरक्षा बलों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होने और उनका मनोबल बढ़ाने की याद दिलाता है।

# पीएम मोदी की हाई लेवल मीटिंग

## तीनों सेनाध्यक्षों के साथ एनएसए और सीडीएस भी रहे मौजूद



एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सशस्त्र बलों के दिग्गजों के एक समूह से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने मौजूदा हालात और विभिन्न मुद्दों पर दिग्गजों के साथ विस्तृत बातचीत की। इसमें पूर्व वायुसेना प्रमुख, सेना प्रमुख, नौसेना प्रमुख और अन्य दिग्गज शामिल थे, जिन्होंने देश की सेवा की है। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शीर्ष सैन्य नेतृत्व के साथ शुक्रवार को बैठक कर राष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य की व्यापक समीक्षा की। यह समीक्षा भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की पाकिस्तान की कोशिशों को विफल किए जाने के एक दिन बाद की गयी।

गृह मंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान के साथ लगती भारत की सीमा और देश के हवाई अड्डों पर मौजूदा स्थिति की शुक्रवार को समीक्षा की। इससे कुछ ही घंटों पहले सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने कहा कि उसने जम्मू में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार से घुसपैठ की कोशिश कर रहे सात आतंकवादियों को मार गिराया और पाकिस्तान रेंजर्स की एक चौकी को भी नष्ट कर दिया है। सूत्रों ने बताया कि शाह ने भारत एवं पाकिस्तान की सीमा पर सुरक्षा संबंधी स्थिति की समीक्षा करने के अलावा देशभर के हवाई अड्डों पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए उठाए गए कदमों का भी जायजा लिया।

| मौसम | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 26.c |
| न्यूनतम तापमान | 11.c |

| बाजार | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| सेंसेक्स | 78,271.28 |
| निफटी | 23,696.30 |

# पाकिस्तान के लिए नई मुसीबत, भारत ने खोले सलाल डैम के कई गेट

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की स्थिति लगातार जारी है। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया गया था। अब पाकिस्तान ने भी लगातार गुरुवार को बमबारी की और गोले।भी बरसाए है। एहतियात के तौर पर बॉर्डर के हर क्षेत्र में ब्लैक आउट किया गया था। इसी बीच पानी के मोर्चे पर भी भारत ने सख्त रुख अपनाया है।

जम्मू कश्मीर में भारी बारिश हुई है, जिससे चिनाब नदी पर बने सलाल डैम और बगलिहार डैम के कई गेट खोले गए है। भारत के इस कदम के बाद पाकिस्तान की ओर बहने वाले पानी का बहाव तेज हुआ है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार सुबह चेनाब नदी के बगलिहार हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट डैम का गेट खोल दिया गया। एजेंसी के अनुसार भारत ने कुछ दिन पहले ही डैम के गेट बंद किए थे ताकि पानी पाकिस्तान की ओर ना जा सके। मगर अब भारी बारिश की वजह से पानी फिर पाकिस्तान की तरफ छोड़ा जाएगा। बीते दिनों हुई भारी बारिश के बाद अब इस पानी को छोड़ा गया है। भारत द्वारा ये कदम उठाने के बाद पाकिस्तान की कमजोर अर्थव्यवस्था और कृषि व्यवस्था पर जोर पड़ा है। पाकिस्तान में अब बाढ़ जैसी स्थिति बन सकती है।

# 36 जगहों को निशाना बनाने की कोशिश, तुर्की के हथियार इस्तेमाल

## जवाबी कार्रवाई में पाक को हुआ भारी नुकसान

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, विदेश मंत्रालय की ओर से शाम साढ़े 5 बजे प्रेस ब्रीफिंग की गई। इस दौरान विदेश सचिव विक्रम मिसरी, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर नई जानकारी दी। कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि 7 और 8 मई की रात को पाकिस्तानी सेना ने सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने के इरादे से पूरी पश्चिमी सीमा पर कई बार भारतीय हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया। इतना ही नहीं, पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा पर भारी कैलिबर के हथियारों से भी गोलीबारी की। 36 स्थानों पर घुसपैठ की कोशिश करने के लिए



लगभग 300 से 400 ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। भारतीय सशस्त्र बलों ने गतिज और गैर-गतिज साधनों का उपयोग करके इनमें से कई ड्रोन को मार गिराया। इस तरह के बड़े पैमाने पर हवाई घुसपैठ का संभावित उद्देश्य वायु रक्षा प्रणालियों का परीक्षण करना और खुफिया जानकारी एकत्र करना था। ड्रोन के मलबे की फोरेंसिक जांच की जा रही है। शुरूआती रिपोर्टों से पता चलता है कि वे तुर्की असिसगार्ड सोंगर ड्रोन हैं।

विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने कहा कि पाकिस्तान ने 7 मई को शाम 08:30 बजे एक असफल अकारण ड्रोन और मिसाइल हमला करने के बावजूद अपना नागरिक हवाई क्षेत्र बंद नहीं किया। पाकिस्तान नागरिक विमान को ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहा है, यह अच्छी तरह से जानते हुए कि भारत पर उसके हमले से भारत की वायु रक्षा प्रतिक्रिया तेज हो जाएगी...भारतीय वायु सेना ने अपनी प्रतिक्रिया में काफी संयम दिखाया, जिससे अंतरराष्ट्रीय नागरिक विमान सेवा की सुरक्षा सुनिश्चित हुई।

7 मई को शाम 08:30 बजे बिना उकसावे के ड्रोन और मिसाइल हमला करने के बावजूद पाकिस्तान ने अपना नागरिक हवाई क्षेत्र बंद नहीं किया। पाकिस्तान नागरिक विमानों को ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहा है, यह अच्छी तरह से जानते हुए कि भारत पर उसके हमले से भारत को तीव्र हवाई रक्षा प्रतिक्रिया मिलेगी। यह भारत और पाकिस्तान के बीच अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास उड़ान भरने वाले अंतरराष्ट्रीय उड़ानों सहित अनजान नागरिक विमानों के लिए सुरक्षित नहीं है। हमने अभी जो स्क्रीनशॉट दिखाया है, उसमें पंजाब सेक्टर में उच्च वायु रक्षा चेतावनी स्थिति के दौरान एप्लीकेशन फ्लाइट रडार 24 का डेटा दिखाया गया है। जैसा कि आपने देखा है, हमारे घोषित बंद के कारण भारतीय पक्ष का हवाई क्षेत्र नागरिक हवाई यातायात से पूरी तरह से रहित है।

## संक्षिप्त समाचार

### केंद्र ने 24 हवाई अड्डों को 14 मई तक बंद रखने की अवधि बढ़ाई

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, केंद्र सरकार ने देशभर के 24 हवाई अड्डों को 14 मई तक बंद रखने की अवधि बढ़ा दी है, क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तानी सेना द्वारा विफल ड्रोन हमले के बाद नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच तनाव बढ़ गया है। गुरुवार को नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने घोषणा की थी कि 10 मई तक 24 हवाईअड्डे नागरिक उड़ान संचालन के लिए बंद रहेंगे। कई एयरलाइनों ने यात्रियों के लिए यात्रा सलाह भी जारी की है और उनसे हवाईअड्डों के बंद होने और सुरक्षा प्रोटोकॉल में वृद्धि के बारे में अपडेट रहने को कहा है। चंडीगढ़, श्रीनगर, अमृतसर, लुधियाना, भुंतर, किशनगढ़, पटियाला, शिमला, जैसलमेर, पठानकोट, जम्मू, बीकानेर, लेह, पोरबंदर आदि शहरों में हवाई अड्डे 14 मई तक बंद रहेंगे। वहीं, दिल्ली एयरपोर्ट पर हवाई यात्रा लगातार दूसरे दिन भी बाधित रही, क्योंकि भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के कारण हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध जारी रहे, जिसके कारण कई उड़ानें रद्द और विलंबित हुईं। जम्मू, पंजाब, गुजरात और राजस्थान के भारतीय शहरों पर पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइल हमले के बाद दोनों पड़ोसी देशों के बीच तनाव और बढ़ गया। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पिछले 2 दिनों में 228 उड़ानें रद्द की गई हैं। हवाई अड्डे के अधिकारियों के अनुसार, शुक्रवार को कुल 138 उड़ानें रद्द की गईं। इनमें 63 घरेलू आगमन, 66 घरेलू प्रस्थान, 4 अंतरराष्ट्रीय आगमन और 5 अंतरराष्ट्रीय प्रस्थान शामिल हैं। 8 मई को सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच व्यस्ततम यात्रा घंटों के दौरान 90 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं और 200 से अधिक विलंबित हुईं।

# भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को सलाम...

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कांग्रेस ने शुक्रवार को भारत के रक्षा प्रयासों के समर्थन में एकता और एकजुटता को बढ़ावा देने के लिए 'जय हिंद यात्रा' के तहत देश भर में रैलियां आयोजित कीं और जनता से सरकार और सशस्त्र बलों के पीछे मजबूती से खड़े होने का आह्वान किया तथा पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान के खिलाफ सीमा पार से जवाबी कार्रवाई के लिए उनकी सराहना की। कांग्रेस प्रवक्ता रागिनी नायक ने कहा कि भारतीय नौसेना, थल सेना और वायु सेना अपना सर्वस्व देकर लगातार वीरता और पराक्रम के नए मानक स्थापित कर रही है।



कांग्रेस ने देश भर में निकाला जय हिंद यात्रा

रागिनी नायक ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर (सीमा पार से हमला) इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। पहलगाम में पाकिस्तान के हमले का मुंहतोड़ जवाब देने, उसे काबू में करने और उसके नापाक इरादों को ध्वस्त करने के लिए भारतीय सेना जितनी प्रशंसा की हकदार है, वह उतनी ही है। मैं सेना के जज्बे, जोश और जुनून को सलाम करती हूं। उन्होंने कहा कि देशभर में कांग्रेस कार्यालयों से 'जय हिंद यात्रा' निकाली जा रही है। उन्होंने कहा, 'सभी से अनुरोध है कि वे इसमें भाग लें ताकि भारत सरकार और रक्षा बलों का मनोबल ऊंचा हो।'

नायक ने भारतीय हवाई हमलों में मारे गए जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख मसूद अजहर के सहयोगियों और परिवार के सदस्यों के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए पाकिस्तानी सेना की निंदा की। उन्होंने कहा कि आतंकी शिविरों पर हमले के बाद, पाकिस्तान ने निर्दोष भारतीयों पर गोला-बारूद बरसाया और साबित कर दिया कि वह आतंकवादियों को पनाह देता है। यह सिर्फ. आरोप नहीं बल्कि सच्चाई है। नायक ने कहा कि 1971 और कारगिल युद्धों के बाद कूटनीतिक जुड़ाव के दौर के बावजूद पाकिस्तान ने लगातार भारत को धोखा दिया।

# अखिलेश ने भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच लोगों से शांत रहने, फर्जी खबरों पर ध्यान नहीं देन की अपील की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लोगों से संयम और जिम्मेदाराना व्यवहार करने की अपील की है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे ऑनलाइन प्रसारित होने वाली गलत सूचनाओं या अपुष्ट खबरों पर ध्यान नहीं दें।

यादव ने बृहस्पतिवार रात सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, हमें अपने देश की बहादुर सेना पर गर्व है। हम सब देश के साथ हैं। उन्होंने लोगों



से शांत रहने और किसी भी तरह की अपुष्ट रिपोर्ट को प्रसारित करने से बचने की अपील की तथा चेतावनी दी कि ऐसी सामग्री अशांति पैदा करने की दुश्मन की रणनीति का हिस्सा हो सकती है। उन्होंने कहा, सकंट का समय समझदारी की और भी अधिक मांग करता है। सभी देशवासियों से अपील है कि किसी भी अपुष्ट समाचार और सूचना पर न तो विश्वास करें, न ही आगे प्रचारित और प्रसारित करें। ऐसे समाचार देश के दुश्मनों के द्वारा फैलाये गये झूठ भी हो सकते हैं मतलब ये दुश्मन की चाल या साजिश भी हो सकती है, इसीलिए किसी भी बहकावे या भड़कावे में न आएं। अपने संदेश में यादव ने अनिश्चितता के इस समय के दौरान व्यक्तिगत जिम्मेदारी के महत्व पर जोर दिया। कन्नौज से सांसद ने कहा, अपने-अपने स्तर पर जिम्मेदाराना व्यवहार करें। स्वयं शांत रहें और दूसरों को भी शांति से रहने के लिए प्रेरित करें। आपदा के इस समय में एकजुटता दिखाएं। जय हिंद।

# कष्टकारी कार्यवाहियों को समाप्त करने में न्यायिक हस्तक्षेप महत्वपूर्ण: उच्चतम न्यायालय

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि लोगों को कष्ट से बचाने के लिए कष्टकारी कार्यवाहियों को समाप्त करने के वास्ते न्यायिक हस्तक्षेप आवश्यक है तथा न्यायालय ने यह कहते हुए दो व्यक्तियों के विरुद्ध आपराधिक अभियोजन को रद्द कर दिया। पीठ ने दोनों अपीलकर्ताओं के खिलाफ शुरू किए गए अभियोजन को खारिज कर दिया, जिन पर लोक सेवक को उसके कर्तव्य निर्वहन से रोकने के लिए हमला करने का भी आरोप लगाया गया था। न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि किसी आरोपी को समन करना एक गंभीर मामला है, जो व्यक्ति की स्वतंत्रता और गरिमा को प्रभावित करता है। पीठ ने कहा, व्यक्तियों को अनावश्यक उत्पीड़न और दुख से बचाने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि अनुचित अभियोजन से आपराधिक न्यायालयों में काम का बोझ न बढ़े और योग्य मामलों के लिए जगह बने, कष्टप्रद कार्यवाहियों को समाप्त करने के लिए सीआरपीसी की धारा 482 के तहत न्यायिक हस्तक्षेप अत्यंत महत्वपूर्ण है। दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 482 उच्च न्यायालय की अंतर्निहित शक्तियों से संबंधित है। पीठ का यह फैसला इलाहाबाद उच्च न्यायालय के जुलाई 2015 के आदेश को चुनौती देने वाली अपील पर आया, जिसमें लोक सेवक के सार्वजनिक कार्यों के निर्वहन में कथित रूप से बाधा डालने के लिए कुछ व्यक्तियों के खिलाफ आपराधिक मामला रद्द करने से इनकार कर दिया गया था। इसमें कहा गया कि अपीलकर्ताओं में से एक ऐसे संगठन में परियोजना समन्वयक था जो उत्तर प्रदेश में मानव तस्करी और बच्चों के यौन शोषण के खिलाफ लड़ रहा था। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह घटना जून 2014 में हुई थी, जब अधिकारियों और अपीलकर्ताओं की एक टीम ने वाराणसी में एक ईंट भट्ठे पर बंधुआ बाल मजदूरों से काम कराए जाने के आरोपों के बाद मौके का निरीक्षण किया था। अपीलकर्ताओं ने दावा किया कि उन्हें बच्चे और मजदूर मिले थे जिन्हें पुलिस थाने लाया गया था लेकिन ईंट भट्ठा मालिक ने हस्तक्षेप किया और उन्हें ले गया। बाद में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई जिसमें आरोप लगाया गया कि अपीलकर्ताओं ने अन्य लोगों के साथ मिलकर मजदूरों और बच्चों को जबरन ट्रक में डाल दिया और उन्हें ले गए। आरोपपत्र दाखिल होने और मजिस्ट्रेट द्वारा संज्ञान लिए जाने के बाद अपीलकर्ताओं ने आरोपपत्र को रद्द करने की मांग करते हुए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

# पाकिस्तान से बढ़ते तनाव के बीच राजनाथ सिंह करेंगे सीडीएस और सेना प्रमुखों के साथ बैठक

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भारतीय सेना ने शुक्रवार को बताया कि पाकिस्तान के सशस्त्र बलों ने बृहस्पतिवार और शुक्रवार की दरम्यानी रात को पूरी पश्चिमी सीमा पर ड्रोन और अन्य हथियारों का इस्तेमाल करते हुए कई हमले किये जिन्हें प्रभावी ढंग से विफल कर दिया गया। भारतीय सेना ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट साझा करके बताया कि पाकिस्तानी सैनिकों ने जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम समझौते का कई बार उल्लंघन किया। इस पोस्ट के साथ एक छोटा वीडियो क्लिप भी साझा किया गया है। सेना ने कहा कि सभी नापाक इरादों का बलपूर्वक जवाब दिया जाएगा।



### राजनाथ सिंह सीडीएस और सेना प्रमुखों के साथ बैठक करेंगे

इस तरह के हमले के बाद भारत की रणनीति क्या होगी इसे लेकर एक हाई लेवल की बैठक होने वाली हैं। भारत-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ते तनाव को देखते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज (9 मई) चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ और भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना के प्रमुखों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाने वाले हैं। यह आपातकालीन बैठक मौजूदा सुरक्षा स्थिति का मूल्यांकन करने और भविष्य की रणनीति तय करने के लिए बुलाई गई है।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 26 लोगों की हत्या के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है, जिनमें से ज्यादातर नागरिक थे। पहलगाम हत्याकांड का जोरदार जवाब देते हुए भारतीय सशस्त्र बलों ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) आतंकी समूह के गढ़ बहावलपुर सहित आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए।

### भारत ने सैन्य ठिकानों पर हमला करने की पाकिस्तान की कोशिशों को नाकाम कर दिया

भारत ने गुरुवार रात को जम्मू, पठानकोट, उधमपुर और कुछ अन्य स्थानों पर मिसाइलों और ड्रोन से सैन्य ठिकानों पर हमला करने की पाकिस्तानी सेना की कोशिश को नाकाम कर दिया, क्योंकि व्यापक सैन्य संघर्ष की आशंकाओं के बीच दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। अखनूर, सांबा, बारामुल्ला और कुपवाड़ा और कई अन्य स्थानों पर सायरन बजने और कई विस्फोटों की सूचना मिली, क्योंकि भारतीय सेना ने पाकिस्तान के साथ सीमा पर रात में बड़े पैमाने पर हवाई निगरानी की।

## संक्षेप

### संस्कृति विभाग के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता एवं समयबद्धता का पालन किया जाए-विशाल सिंह

अमन लेखनी समाचार

लखनऊः उत्तर प्रदेश के सभागार में आज निदेशक विशाल सिंह, आईएएस की अध्यक्षता में कार्यदायी संस्थाओं के साथ निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर निदेशक श्रीमती सृष्टि धवन एवं अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में निदेशक विशाल सिंह ने निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जिसमें परियोजना प्रबंधक द्वारा प्रतिभाग न किए जाने पर अप्रसन्नता व्यक्ति की एवं सख़्त निर्देश दिए कि भविष्य में आयोजित की जाने वाली समीक्षा बैठकों में कार्यदायी संस्था पूरी तैयारी के साथ अपने आर्किट्रेक एवं परियोजना प्रबंधक के साथ उपस्थित हों और अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में निर्माण कार्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है, अतः सभी कार्य पारदर्शिता और प्रभावशीलता से पूरे किए जाएं। निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी और समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया, जबकि वित्त नियंत्रक गुप्ता ने बजट व्यय एवं वित्तीय प्रबंधन पर प्रस्तुति दी। निदेशक महोदय ने स्थल निरीक्षण और निर्माण एजेंसियों से समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक का समापन निदेशक द्वारा ईमानदारी व समर्पण के साथ कार्य करने, समस्त कार्य समय सीमा के अंदर पूर्ण करने के साथ-साथ समस्त परियोजनाओं का चार्ट उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में अपर निदेशक संस्कृति सृष्टि धवन, संस्कृति विभाग के वित्त नियंत्रक, सहायक निदेशक रेनू रंग भारती तथा निदेशक अमित अग्निहोत्री सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# पकिस्तान पर प्रधानमंत्री मोदी की नीति एकदम 'पाक- साफ' : डॉ. राजेश्वर सिंह

## अब समय है पाकिस्तान को चार टुकड़ों में बाँट देने का : डॉ. राजेश्वर सिंह

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा चलाए जा रहे निर्णायक ऑपरेशन 'सिन्दूर' और सीमाओं पर बढ़ते सामरिक तनाव के बीच, सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक व पूर्व ED अधिकारी डॉ. राजेश्वर सिंह ने सोशल मीडिया मंच "X" (पूर्व में ट्विटर) पर एक राष्ट्रवादी व ऐतिहासिक सन्देश जारी किया है।



### डॉ. सिंह ने अपने पोस्ट में लिखा लिखाः

'अब वक्त है उस आतंकिस्तान को इतिहास बना देने का, अब वक्त है पाकिस्तान को उसके अपराधों की सजा देने का, एक नहीं, दो नहीं, अब चार टुकड़ों में बाँट देने का!' डॉ. सिंह ने पाकिस्तान को धर्मांधता, मजहबी कट्टरता और हिंसा पर टिका एक असफल राष्ट्र बताते हुए उसके ऐतिहासिक अपराधों की फेहरिस्त साझा की, साथ ही यह भी कहा कि अब भारत के लिए बलूचिस्तान, सिंध, खैबर पख़्तूनख्वा और पकिस्तान अधिकृत जम्मू कश्मीर जैसे क्षेत्रों की मुक्ति की दिशा में ठोस कदम उठाने का समय आ गया है।

### पाकिस्तान की गिरती अर्थव्यवस्था और खोखला ढांचा :

IMF Bailout 2024: $7 अरब डॉलर की आर्थिक सहायता।

2023 महंगाई दरः ~40%, 2025 में बेरोजगारीः ~8.5%,

विदेशी कर्जः $130 अरब डॉलर से अधिक, चीन के ऋण व CPEC के दबाव से संकट गहराया।

### इतिहास गवाह है : पाकिस्तान ने हमेशा भारत के खिलाफ साजिशें रचीं :

1947: कबीलाइयों को भेजकर कश्मीर में घुसपैठ, प्रथम भारत-पाक युद्ध की शुरूआत।

1965: ऑपरेशन जिब्राल्टर के तहत सेना भेजी, भारत ने लाहौर तक जवाबी कार्रवाई की।

1971: पूर्वी पाकिस्तान में 3 लाख से अधिक बंगालियों का नरसंहार, भारत की निर्णायक कार्रवाई से पाकिस्तान के 93,000 सैनिकों ने आत्मसमर्पण किया, बांग्लादेश बना।

1999: कारगिल में पाकिस्तानी घुसपैठ, भारतीय सेना ने विजय प्राप्त कर सभी सामरिक चोटियाँ वापस लीं।

### मोदी सरकार की निर्णायक कार्रवाइयाँ :

2016: सर्जिकल स्ट्राइक (उरी हमला)

2019: एयर स्ट्राइक (पुलवामा हमला)

2019: विंग कमांडर अभिनंदन की 60 घंटे में वापसी, पाकिस्तान की रणनीतिक विफलता उजागर।

FATF : पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट में डलवाने में भारत की सक्रिय भूमिका।

### सरोजनीनगर विधायक ने अंत में लिखा –

पाकिस्तान अब एक कृत्रिम राष्ट्र है जो चार दिशाओं से बिखर रहा हैः

यही समय है, सही समय है मोदी जी की नीति और नीयत 'पाक - साफ'है!!

### अब पाकिस्तान की चार दिशाओं से हो रही टूटः

सरोजनीनगर विधायक ने आगे जोड़ा, 'बलूचिस्तान को न्याय, सिंध को पहचान, खैबर पख़्तूनख्वा को शांति, और PoJK को भारत में एकीकरण चाहिए।'

बलूचिस्तान -1948 से जबरन कब्जा, एमनेस्टी इन्टरनेशनल (2011-2024) 10,078 जबरन गायबियां, इनमें 2,752 बलोच। संयुक्त राष्ट्र विशेषज्ञों की आलोचना, BLA व BLF जैसे संगठनों का सशस्त्र आंदोलन जारी।

सिंध - 1970s से 'सिंधुदेश' की मांग। 2025 में सिंधी कार्यकताओं पर फायरिंग, जल संसाधनों पर संघीय कब्जे का विरोध। भाषा, संस्कृति और संसाधनों पर सुनियोजित हमला।

खैबर पख़्तूनख्वा (KPK) - 2024-25: पाक सेना के हवाई हमलों में 46 नागरिक मारे गए, पाक तालिबान (TTP) के लगातार हमले। पख़्तून जनता लंबे समय से उपेक्षा और सैन्य दमन का शिकार।

पाक अधिकृत जम्मू एवं कश्मीर (PoJK) - भारत की संसद द्वारा स्पष्टः PoJK भारत का अभिन्न हिस्सा है।' वहाँ लोकतंत्र, विकास और मानवाधिकारों का अभाव।

### पीएम मोदी की नीति और नीयत 'पाक – साफ'है –

'पाकिस्तान अब सिर्फ नक्शे पर नहीं, नीति पर भी विभाजन के कगार पर है। बलूच, सिंधी, पख़्तून और कश्मीरी जनता आजादी की माँग कर रही है। मोदी सरकार की स्पष्ट नीति, कूटनीति और सख्त सैन्य रणनीति ही इस निर्णायक मोड़ को ऐतिहासिक बना सकती है।'

# ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का कहर जिम्मेदार मूकदर्शक बने बैठे

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। मोहनलालगंज क्षेत्र इन दिनों ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के आतंक से जूझ रहा है खासकर कस्बे में लकड़ी से लदी अवैध ट्रॉलियों का धड़ल्ले से आवागमन हो रहा है यह सब कुछ मोहनलालगंज तहसील के ठीक सामने खुलेआम हो रहा है लेकिन प्रशासन पूरी तरह से आंख मूंदे बैठा है स्थानीय लोगों की मानें तो ये ट्रैक्टर-ट्रॉलियां न केवल ओवरलोडिंग के नियमों की धज्जियां उड़ा रही हैं, बल्कि सड़कों पर चलने वाले अन्य लोगों के जान के लिए खतरा बन चुकी हैं जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे हुए हैं सबसे हैरानी की बात यह है कि वही मोहनलालगंज कस्बा इंचार्ज बीर बहादुर दुबे चौकी पर रहकर आम जनता की सुरक्षा व्यवस्था देखने की बजाय कुछ चाटुकारों की मंडली में व्यस्त रहते हैं जनता के सरोकार, सुरक्षा और कानून व्यवस्था जैसे अहम मुद्दों से उनका कोई लेना-देना नहीं दिखाई देता नतीजा यह है कि क्षेत्र में गंभीर गतिविधियों पर कोई निगरानी नहीं रह गई है।

वही क्षेत्रवासियों का कहना है कि ओवरलोडिंग की वजह से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन प्रशासन तब तक जागने को तैयार नहीं, जब तक कोई बड़ा हादसा न हो जाए क्या मोहनलालगंज की शासन प्रशासन की आंखें किसी अनहोनी के बाद ही खुलेंगी अब सवाल उठता है कि जब तहसील व कस्बा चौकी के सामने ही यह सब कुछ हो रहा है, तो शासन प्रशासन का ऐसा ₹अंधापन₹ आखिर क्यों क्या यह मिलीभगत का मामला है या सिर्फ लापरवाही दोनों ही स्थितियों में नुकसान आम जनता को ही भुगतना पड़ रहा है जनता ने चेताया, नहीं सुधरी पुलिस तो होगा आंदोलन स्थानीय नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने शीघ्र ही इन ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर कार्रवाई नहीं की, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे।

# रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रेलवे ट्रैक किनारे एक सप्ताह से लापता युवक का शव मिला। उसका बायां पैर कटा था। परिवार वालों ने प्रेम प्रसंग में हत्या कर शव रेलवे ट्रैक पर फेंके जाने का आरोप लगाया है। परिवार वालों ने आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचने पर प्रदर्शन किया।

मलिहाबाद थाना क्षेत्र के मधवापुर निवासी लल्लन (22) बीती दो मई को माल के लतीफपुर में एक शादी समारोह में शामिल होने की बात कहकर घर से निकला था। इसके बाद वह अगले दिन सुबह तक वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी काफी तलाश की। शुक्रवार को मलिहाबाद रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक किनारे लल्लन का शव मिलने की सूचना मिली। भाई सूरज का आरोप है कि लल्लन का माल की एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। कुछ दिन पहले वह युवती को लेकर कहीं चला गया था, जिसकी शिकायत माल थाने में युवती



मृतक लल्लन फाइल – फोटो

के परिजनों ने की थी। पुलिस ने युवती को बरामद कर लल्लन पर शांतिभंग की कार्रवाई की थी। इस बात को लेकर युवती के परिवार वाले लल्लन से रंजिश रखते थे। उनका आरोप है कि युवती के परिजनों ने अपने साथियों से उसकी हत्या कराकर आत्महत्या का रूप देने के लिए शव रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया गया । इस संबंध में मलिहाबाद थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# शिव मंदिर से दस किलो वजनी घड़ा चोरी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बीती रात अराजकतत्वों ने मंदिर में घुसकर शिवलिंग खंडित कर दी। यही नहीं मंदिर में शिवलिंग पर लगा 10 किलो वजनी पीतल का घड़ा भी चुरा ले गए। जिससे लोगों में भारी आक्रोश है। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम भतोइया में पुलिस विकेट से महज 50 मीटर दूरी पर स्थित शिव मंदिर पर शुक्रवार सुबह मंदिर संचालक ओमवीर सिंह पूजा करने पहुंचे तो घटना का पता लगा। जिसपर लोगों में आक्रोश पनप गया। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह जब मंदिर पूजा करने पहुंचे तो ताला टूटा हुआ पड़ा था। अंदर जाकर देखा तो 10 किलो वजनी पीतल का घड़ा गायब गया था। और वही मंदिर परिसर में एक हरदोई जनपद के रोहित शर्मा नामक व्यक्ति का आधार और एक चप्पल भी पड़ा मिला। ग्रामीणों को जब इस स्थिति के बारे में पता चला तो वे एकत्रित हो गए और आक्रोश जताने लगे। सावन के महीने में यहां बड़ी संख्या में शिवभक्त जलाभिषेक करते हैं, यही वजह रही कि जिसने भी सुना वह मंदिर तक जा पहुंचा। ग्रामीण इस बात को लेकर हैरत में हैं कि आखिर चोरों ने जब घड़े को चोरी कर लिए तो शिवलिंग को क्यों खंडित किया है। जिसको लेकर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

# चोरों ने घर में सेंधमारी कर उठाया चार बोरी गेहूं

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। नगराम थाना क्षेत्र के ग्राम तमोरिया गांव में बीती रात चोरी की एक वारदात ने ग्रामीणों में दहशत फैला दी है प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम निवासी राकेश पुत्र बाबूलाल ने नगराम थाने में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि बीते 6 मई की रात लगभग 12:30 बजे के बाद विपक्षी श्रवन पुत्र बाबूलाल अपने कुछ साथियों के साथ उसके घर में सेंधमारी कर भीतर घुस आया और वहां से चार बोरी गेहूं चुरा ले गया पीड़ित राकेश ने आरोप लगाया कि श्रवन और उसके साथी पहले से ही आपराधिक प्रवृत्ति के हैं और इस घटना से उसे मानसिक आघात पहुंचा है राकेश ने नगराम थाना प्रभारी से इस प्रकरण की रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। इस घटना की तहरीर पुलिस को सौंप दी गई है, वहीं ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में आए दिन हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने और अपराधियों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने भी की है नगराम थानाध्यक्ष विवेक चौधरी ने बताया कि मामले की जांच कर मुकदमा दर्ज कर दिया गया है जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।।

# हत्या की साजिश में मृतका का पति निकला मास्टरमाइंड

अमन लेखनी समाचार





मोहनलालगंज। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में 5 मई को हुई महिला सविता की हत्या के मामले में मोहनलालगंज पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है मामले की गहराई से जांच करते हुए पुलिस ने हत्या की साजिश रचने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है चौंकाने वाली बात यह है कि इस साजिश का मुख्य सूत्रधार कोई और नहीं बल्कि मृतका का पति ही निकला।

मोहनलालगंज एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि इस जघन्य हत्याकांड की गंभीरता से जांच करते हुए आरोपी अजय रावत पुत्र भगवती प्रसाद को गिरफ्तार किया है आरोपी अजय की उम्र लगभग 22 वर्ष है और वह ग्राम डाईन मोहिद्दीनपुर, थाना पीजीआई, जनपद लखनऊ का निवासी है गौरतलब है कि 5 मई को सविता की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या कर दी गई थी प्रारंभिक जांच में ही पुलिस को संदेह हुआ कि यह हत्या सुनियोजित साजिश के तहत की गई है जांच में यह खुलासा हुआ कि सविता के पति संजय कुमार रावत ने ही अपने परिचित अजय रावत के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई थी। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और गहन पड़ताल के आधार पर आरोपियों की संलिप्तता स्पष्ट की शुक्रवार को मोहनलालगंज थानाप्रभारी दिलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अजय रावत को मोहनलालगंज क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजते हुए जेल भेज दिया है।

# ब्लॉक अटल बिहारी बाजपेयी सभागार योजना में समीक्षा बैठक कार्यों में तेजी लाने के निर्देश......

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। मोहनलालगंज ब्लॉक स्थित अटल बिहारी बाजपेयी सभागार में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एपीओ (असिस्टेंट प्रोजेक्ट ऑफिसर) उदय राज शर्मा ने की बैठक का उद्देश्य मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना और योजना को और अधिक प्रभावी व तीव्र गति से लागू करना रहा बैठक में ग्राम रोजगार सेवकों और तकनीकी सहायकों को संबोधित करते हुए एपीओ शर्मा ने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत में मनरेगा के तहत अधिक से अधिक श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराया जाना चाहिए उन्होंने निर्देशित किया कि सभी ग्राम पंचायतों में कार्यों की शुरूआत जल्द से जल्द की जाए, विशेष रूप से वृक्षारोपण कार्यों को प्राथमिकता दी जाए इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आईडी बनाकर गड्ढा खुदाई कार्य तत्काल शुरू कराने के निर्देश दिए गए ।एपीओ शर्मा ने यह भी स्पष्ट किया कि योजनाओं की प्रगति और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कार्यों की नियमित निगरानी की जाएगी उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों से अपेक्षा जताई कि वे मनरेगा कार्यों को गंभीरता से लें और समयबद्ध तरीके से निष्पादन सुनिश्चित करें बैठक में तकनीकी सहायक बच्चा राम यादव, रामजीत पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष अंकुर शुक्ला, हरीशंकर वर्मा, गुंजन बाजपेई, रेशमा सहित कई ग्राम रोजगार सेवक उपस्थित रहे सभी ने अपने-अपने क्षेत्रों की स्थिति से अवगत कराया और योजना को बेहतर ढंग से लागू करने हेतु अपने सुझाव भी साझा किए ।बैठक के अंत में एपीओ उदय राज शर्मा ने सभी कर्मियों से कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक सशक्तिकरण का एक प्रभावी माध्यम है इसके माध्यम से न केवल बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है, बल्कि गांवों के विकास में भी अहम योगदान दिया जा रहा है।

# महिला से पुराने जेवरों के बदले नये देने के नाम पर की ठगी...

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के शिवढरा गांव में ठगी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक महिला ने चालाकी से गांव की महिलाओं को पुराने सामान के बदले नया सामान देने का झांसा देकर उनका विश्वास जीता और फिर एक मई को पुराने जेवरों के बदले नए जेवर देने की बात कहकर ग्यारह महिलाओं से करीब पांच लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गई पीड़ित महिलाओं ने बताया कि उक्त महिला पहले भी गांव में आ चुकी थी और पुराने बर्तनों व कपड़ों के बदले नया सामान देकर भरोसा जीत चुकी थी इसी भरोसे के चलते जब वह एक मई को दोबारा गांव पहुंची, तो उसने जेवरों के बदले बेहतर गुणवत्ता के नए गहने देने की बात कही। भरोसे में आई महिलाओं ने अपने घरों के कीमती गहने उसे दे दिए महिला गहने लेकर चली गई और कहा कि वह कुछ ही देर में नए गहने लेकर वापस आएगी, लेकिन काफी समय बीतने के बाद भी वह लौटी नहीं ।शुरूआत में महिलाएं असमंजस में रहीं, लेकिन जब दो दिन बाद तक भी महिला का कोई पता नहीं चला, तो उन्हें ठगी का एहसास हुआ इसके बाद गांव में घटना की चर्चा फैल गई और शुक्रवार को मामला पुलिस तक पहुंचा सूचना पाकर पुलिस टीम गांव पहुंची और पीड़ित महिलाओं से पूछताछ की। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और सभी ने महिला की गिरफ्तारी की मांग की ।थाना प्रभारी दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित महिलाओं के बयान दर्ज कर लिए गए हैं और महिला की पहचान व तलाश की जा रही है गांव के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि महिला की गतिविधियों का पता लगाया जा सके।

### गांव की महिलाओं में भय और आक्रोश....

वही घटना के बाद गांव की महिलाओं में भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि अगर समय रहते महिला को पकड़ा नहीं गया तो वह कहीं और जाकर और लोगों को भी ठग सकती है। महिलाओं ने पुलिस से जल्द कार्रवाई की मांग की है मोहनलालगंज थाना प्रभारी दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि अज्ञात महिला के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। पुलिस टीम महिला की तलाश में जुटी हुई

# धूमधाम से मनाई गई महाराणा प्रताप की जयंती

अमन लेखनी समाचार



महाराणा प्रताप जयंती पर उपस्थित लोग

लखनऊ। शुक्रवार को रहीमाबाद में विश्व हिन्दू रक्षा परिषद व हिंदू जागरण मंच द्वारा महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई। इस मौके पर हिंदू जागरण मंच सह संयोजक संतोष सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप ने अपना जीवन हिन्दुओं के मान सम्मान की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया। वे महान शक्तिशाली थे। उन्होंने कभी भी मुगलों की दासता स्वीकार नहीं की। हिन्दुओं के मान सम्मान की रक्षा के लिए हमेशा कष्ट सहे।

विश्व हिंदू रक्षा परिषद जिलाध्यक्ष सुमित सिंह ने कह की भारत माता के स्वाभिमान को नहीं झुकने दिया। इसके लिए उन्होंने घास की रोटियां तक खाई लेकिन अकबर पराधीनता स्वीकार नहीं की। उन्होंने अपने अदम्य साहस से अकबर से मेवाड़ को वापिस छुड़ा लिया था। हम सबको उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए धर्म, राष्ट्र व संस्कृति की रक्षा के लिए कार्य करना चाहिए। सभी लोगों ने महाराणा प्रताप के चरित्र का वर्णन किया। इस मौके पर रावेंद्र सिंह (रवि), मान सिंह, समर्थ ठाकुर, अंकित सिंह, प्रवेश मौर्य, लवकुश मौर्य, अनमोल शर्मा, रोहित, अमन कुमार मौर्य, राजेंद्र चौरसिया, बबलू मौर्य, पंकज सहित संगठन के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# अज्ञात कारणों के चलते किसान ने लगाई फांसी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। अज्ञात कारणों के चलते किसान ने कमरे में साइकिल के टायर को कुंडे में फंसाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सुचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा पर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ससपन निवासी किसान प्रकाश उर्फ बीनू सिंह (47) ने अज्ञात कारणों के चलते घर के कमरे में साईकिल के टायर को कुंडे में फंसाकर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। शुक्रवार सुबह मृतक के पिता ने बेटे की मौत की सूचना पुलिस को दी। चचेरे भाई दीपक सिंह ने बताया कि अज्ञात कारणों के चलते बीनू सिंह बीती रात कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों के मुताबिक पत्नी रीना व एक बेटा अपने ननिहाल बीकेटी में काफी दिनों से रह रही हैं। मृतक खेती-बाड़ी कर अपनी व परिवार की जीविका चलाता था। बताया जा रहा है कि मृतक शराब का आदी था। इस संबंध में रहीमाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद द्विवेदी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से असिस्टेंट बैंक मैनेजर की मौत

हादसा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। ड्यूटी से वापस घर लौट रहे बाइक सवार बैंक कर्मी को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक के परखच्चे उड़ गए। और बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था में उसे सीएचसी पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

मिली जानकारी के अनुसार लखनऊ के आलमबाग निवासी नितिन तिवारी (39) गहदो इंडियन



मृतक नितिन तिवारी फाइल – फोटो

बैंक शाखा पर असिस्टेंट बैंक मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। जो शुक्रवार शाम ड्यूटी पूरी करके वापस अपने घर लौट रहे थे तभी माल थाना क्षेत्र के गोपरामऊ चौराहे के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक के पूरे परखच्चे उड़ गए और बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था में बैंक कर्मी को माल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिवार में पत्नी व एक बच्चा है। जिनका रो रो कर बुरा हाल है।

इस संबंध में माल थाना प्रभारी निरीक्षक नवाब अहमद ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों द्वारा तहरीर मिलते ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षेप

### ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक सवार भाई बहन को मारी टक्कर भाई की हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे की सर्विस लेन पर गुरुवार रात एक सड़क हादसा हुआ। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के जोगिकोट गांव के पास गौशाला के निकट तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार भाई-बहन को टक्कर मार दी। 19 वर्षीय गोविंद अपनी 20 वर्षीय बहन अंजू के साथ बाइक से मामा के गांव रसूलपुर जा रहा था। दोनों काजीपुर गांव से एक वैवाहिक समारोह में शामिल होने निकले थे। जोगिकोट गांव के पास विपरीत दिशा से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर में बाइक कई मीटर दूर जा गिरी।स्थानीय लोगों ने घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। गोविंद की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। अंजू को मामूली खरोंचें आईं और प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को कब्जे में ले लिया है। बेहटा मुजावर थाना प्रभारी मुन्ना कुमार के अनुसार, चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।ग्रामीणों ने सर्विस लेन पर वाहनों की तेज रफ्तार पर चिंता जताई है। उन्होंने प्रशासन से सर्विस लेन पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### तीन क्षेत्राधिकारियों के कार्यक्षेत्र में किया गया बदलाव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए क्षेत्राधिकारी स्तर पर कार्यक्षेत्र में बदलाव किए हैं। तीन सीओ की जिम्मेदारियों का पुनर्निर्धारण किया गया है। सीओ सिटी सोनम सिंह को शहर क्षेत्र की जिम्मेदारी मिली है। उनके अधीन गंगाघाट थाना, कोतवाली सदर, दही थाना और महिला थाना रहेंगे। साथ ही साइबर क्राइम थाना, स्वाट टीम और सर्विलांस सेल भी उन्हें सौंपा गया है। विशेष जांच प्रकोष्ठ, वीआईपी सुरक्षा सेल और परिवार परामर्श केंद्र भी उनके अधीन होंगे। नए सीओ संजय मिश्रा को प्रशासनिक और तकनीकी शाखाओं की देखरेख मिली है। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, पुलिस कार्यालय और पुलिस भवन शाखा उनके अधीन रहेंगे। रिट सेल, सम्मन सेल और कंट्रोल रूम की जिम्मेदारी भी उन्हें दी गई है। यूपी 112, जिला अपराध अभिलेख शाखा, लोकल इंटेलिजेंस यूनिट और यातायात शाखा भी उनके नियंत्रण में होंगे।सीओ सफीपुर मधुपनाथ मिश्रा को तीन थानों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वे माखी थाना, सफीपुर थाना और फतेहपुर चौरासी थाना की कमान संभालेंगे। यह सभी ग्रामीण और कस्बाई इलाके हैं। इस फेरबदल से थानों की निगरानी और अपराध नियंत्रण में सुधार की उम्मीद है।

## विधायक निधि से बन रहा बारातशाला विधायक ने किया निरीक्षण, गुणवत्तापूर्ण निर्माण के दिए निर्देश

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत अतरधनी के मजरा नगरा में विधायक निधि से बारातशाला का निर्माण चल रहा है। विधायक श्रीकांत कटियार ने आज निमार्णाधीन बारातशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामवासियों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना.विधायक कटियार ने निर्माण कार्य में गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बारातशाला बनने से स्थानीय गरीब लोगों को लाभ मिलेगा। आम जनता बिना अधिक खर्च के इसका उपयोग कर सकेगी। ठेकेदार को निर्देश दिए गए हैं कि वह निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करे। स्थानीय निवासी सर्वेश ने बताया कि विधायक कटियार स्वयं सभी विकास कार्यों की निगरानी करते हैं। इससे कार्य की गुणवत्ता बनी रहती है और घटिया सामग्री का उपयोग नहीं हो पाता। ग्रामवासियों ने विधायक के इस प्रयास की सराहना की।

## कार की टक्कर से युवक की मौत, परिजनो ने शव रखकर की मुआवजे की मांग

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। राजधानी मार्ग स्थित एक निजी स्कूल के गेट पर गुरुवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ। पेंटिंग कर रहे भुलई निषाद ( 50 ) को स्कूल में प्रवेश कर रही एक कार ने टक्कर मार दी। घायल भुलई को कानपुर के हैलट अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चंपापुरवा निवासी भुलई निषाद दोपहर में खाना खाने के बाद बाहर निकल रहे थे। इसी दौरान स्कूल में प्रवेश कर रही एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर मारने वाली कार एक शिक्षक की बताई जा रही है।शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद जब शव परिजनों को सौंपा गया, तो उन्होंने राजधानी मार्ग पर शव रखकर प्रदर्शन किया। मृतक की पत्नी बेलापति, बेटे शिवा, आनंद, विनय, अनिल और बेटी सुमन का रो-रो कर बुरा हाल है। परिवार का कहना है कि भुलई उनकी आजीविका का एकमात्र सहारा थे। परिजनों ने मुआवजे और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है। बेटे शिवा ने गंगाघाट कोतवाली में शिकायत दर्ज कराने की बात कही है। प्रदर्शन के कारण मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। स्थिति को देखते हुए कई थानों की पुलिस फोर्स को मौके पर बुलाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सड़क के किनारे झाड़ियों के पास मिला अज्ञात युवक का शव



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र में उन्नाव-हरदोई मार्ग पर बृहस्पतिवार की देर शाम एक अज्ञात शव मिलने से सनसनी फैल गई। कठिघरा गांव के निकट इंटरलॉकिंग सड़क के किनारे झाड़ियों के पास शव पड़ा मिला। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को जांच में शव के पास से कोई पहचान पत्र या अन्य दस्तावेज नहीं मिले। मृतक की नाक से खून निकला हुआ था। पुलिस का अनुमान है कि मृतक एक पैदल राहगीर था। संभवतः किसी वाहन की टक्कर से उसकी मौत हुई है। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ की, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है।

## बाढ़ की तैयारियों को लेकर डीएम ने की बैठक

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी ने बाढ़ की तैयारियों को लेकर बैठक की। जिले में गंगा और नदियां बाढ़ की दृष्टि से संवेदनशील हैं। गंगा नदी से बांगरमऊ, सफीपुर, उन्नाव व बीघापुर तहसीलों के कई गांव प्रभावित होते हैं। सई नदी से हसनगंज एवं पुरवा तहसीलों में बाढ़ आती है। जिलाधिकारी ने प्रभावित गांवों और नाविकों का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए। इन क्षेत्रों में बाढ़ कैंप और चेक पोस्ट स्थापित किए जाएंगे। बाढ़ की स्थिति के लिए भूसा, पीने का पानी, राशन किट और दवाइयों की व्यवस्था की जाएगी। 10 जून से सभी तहसीलों और जिला मुख्यालय पर 24 घंटे कंट्रोल रूम चालू रहेगा। हर तहसील में बाढ़ से संबंधित व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाएगा।इसमें प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, प्रधान, नाविक और आपदा मित्र जुड़े रहेंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कृति राज, प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. हरिनंदन प्रसाद, अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार गोंड, परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## लिफ्ट मांगकर बाइक सवार टेंट हाउस संचालक की जेब से पार कर दिया 18 हजार रुपया

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र में एक टेंट हाउस संचालक के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है. पीड़ित तारीख खान अपने बहनोई को रुपए देने जा रहे थे. इस दौरान दो बाइक सवारों ने उनसे लिफ्ट मांगी. घटना हरदोई उन्नाव मार्ग पर गंज मुरादाबाद नगर स्थित हीरो एजेंसी के पास की है. आरोपियों ने आगरा एक्सप्रेसवे तक जाने की बात कही तारीख ने एक युवक को अपनी बाइक पर बैठा लिया. रघुरामपुर पुलिया के पास युवक ने उतरने को कहा. जैसे ही तारीख में बाइक रोकी आरोपी जल्दी से उतरकर विपरीत दिशा में खड़ी दूसरी बाइक पर बैठकर फरार हो गया. बाद में तारीख को पता चला कि उनकी जेब कट चुकी थी जेब से 18000 रुपए गायब थे।पीड़ित ने चौकी गंजमुरादाबाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## खेत की ओर जा रहे किसान को बाइक सवार ने मारी टक्कर , मौत

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारा सागवर क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में 65 वर्षीय किसान की मौत हो गई। पारौली हरचंद गांव के रहने वाले कृष्ण पाल सिंह शुक्रवार सुबह अपने खेत की ओर जा रहे थे। सड़क पार करते समय एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में कृष पाल सिंह को सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। अत्यधिक रक्तस्राव के कारण मौके पर ही उनकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया। लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।मृतक कृष्ण पाल सिंह खेतीबाड़ी से अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में दो बेटे और दो बेटियां हैं। वे अपने परिवार के मुख्य कमाऊ सदस्य थे। बारा सागवर थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मोटरसाइकिल सवार घटनास्थल से फरार हो गया। चश्मदीदों के अनुसार बाइक सवार तेज गति से आ रहा था। पुलिस आरोपी की पहचान करने में जुटी है। पुलिस ने परिजनों को जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव को देखते जनपद में सुरक्षा अलर्ट

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। बांगरमऊ क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर स्थित आपातकालीन हवाई पट्टी का विशेष सर्वेक्षण किया गया। प्रभारी निरीक्षक बांगरमऊ और थानाध्यक्ष बेहटा मुजावर मुन्ना कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल ने सर्वेक्षण किया। टीम ने हवाई पट्टी के चारों ओर सुरक्षा घेरा, पहुंच मार्ग और आपातकालीन व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। यह हवाई पट्टी वायुसेना के लिए रणनीतिक महत्व रखती है।पुलिस ने स्थानीय लोगों से संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने का आग्रह किया है। क्षेत्र में मौजूद कर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। हवाई पट्टी के आसपास गश्त बढ़ा दी गई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि हवाई पट्टी की स्थिति संतोषजनक है। आवश्यकता पड़ने पर यहां से वायुसेना के विमान संचालित किए जा सकते हैं। थानाध्यक्ष ने कहा कि उच्चाधिकारियों को सर्वेक्षण रिपोर्ट भेज दी गई है। सर्वेक्षण के दौरान पुलिस बल ने पूरे क्षेत्र में गश्त की। हवाई पट्टी के आसपास अनावश्यक रूप से घूम रहे लोगों से पूछताछ कर उन्हें वहां से हटाया गया। इसके साथ ही, एक्सप्रेसवे पर आवागमन को सामान्य बनाए रखते हुए सुरक्षा उपायों को सख्त किया गया है।

## ड्रोन की मदद से पकड़ा गया अवैध कच्ची शराब का कारोबार

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में अवैध कच्ची शराब के खिलाफ अभियान चलाया गया। आबकारी विभाग की टीम ने थाना मौरावां क्षेत्र के ग्राम बरेंदा और असरेन्दा के जंगल में सई नदी के किनारे छापेमारी की। ड्रोन की मदद से चिन्हित स्थानों पर कांबिंग ऑपरेशन चलाया गया। टीम ने 60 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। तलाशी के दौरान करीब 600 लीटर लहन को मौके पर नष्ट किया गया। अधिकारियों के मुताबिक, क्षेत्र में लंबे समय से अवैध शराब का निर्माण और व्यापार की सूचनाएं मिल रही थीं। आबकारी विभाग ने ड्रोन से इलाके की निगरानी की। सटीक लोकेशन मिलने पर टीम ने जंगलों में छुपाई गई शराब और निर्माण उपकरणों का भंडाफोड़ किया।टीम को देखकर तस्कर भाग निकले। आबकारी निरीक्षक ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर ऐसे स्थानों की पहचान की जा रही है। ग्रामीणों से अवैध गतिविधियों की सूचना देने की अपील की गई है।इस अभियान में आबकारी टीम, स्थानीय पुलिस बल, होमगार्ड्स और ड्रोन ऑपरेटर्स ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी ने मिलकर जंगलों में गहन तलाशी अभियान चलाया।



## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

### मानदेय बढ़ाने और 5जी मोबाइल की मांग, बोलीं-रिचार्ज भुगतान भी नहीं मिला

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ ने कलेक्ट्रेट परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकत्रियों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि काम के अनुसार मानदेय नहीं मिल रहा है। विभाग द्वारा दिए गए मोबाइल फोन खराब हो चुके हैं। कार्यकत्रियों ने 5जी क्षमता वाले फोन और प्रतिमाह रिचार्ज का भुगतान मांगा है। मौजूदा फोन में डाटा धीमा चलता है और नेटवर्क की समस्या भी आती है। कर्मचारियों ने कई अन्य मांगें भी रखीं। उनमें भयमुक्त और शोषण मुक्त नीति बनाने की मांग शामिल है।उन्होंने कहा कि मानदेय रोकने और सेवा समाप्ति की धमकी दी जाती है। कार्यकत्रियों ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का हवाला देते हुए अन्य राज्यों की तरह मानदेय बढ़ाने की मांग की। लंबे समय से उठाई जा रही मांग रिटायरमेंट पर एकमुश्त धनराशि, फंड, पेंशन और महंगाई भत्ता देने की भी मांग की। आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के लिए बेसिक और माध्यमिक स्कूलों जैसी छुट्टियां और ग्रीष्मकालीन अवकाश की मांग भी रखी।

संगठन ने कहा कि लंबे समय से इन समस्याओं को उठाया जा रहा है, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ है।

## जुमे की नमाज के बाद मुस्लिम समाज ने सलामती व अमन शांति के लिए मांगी दुआ

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जनपद की ऐतिहासिक जामा मस्जिद में जुमे की नमाज के बाद एक विशेष आयोजन हुआ। मुस्लिम समाज ने देश की सलामती और अमन-शांति के लिए विशेष दुआ की।

सैकड़ों नमाजियों की मौजूदगी में शहर काजी निसार अहमद मिस्बाही ने देश की सुरक्षा और एकता के लिए दुआ की। भारत-पाक तनाव के बीच आयोजित इस विशेष दुआ में शहर काजी ने इस्लाम को अमन और भाईचारे का धर्म बताया। उन्होंने कहा कि भारत के मुसलमान हर परिस्थिति में देश के साथ हैं। हिंदुस्तान हमारा वतन है और इसकी हिफाजत हमारा फर्ज है।काजी ने कहा कि देश में अमन कायम रहे और हर तरह के विवाद खत्म हों। उन्होंने सेना को देश की शान बताते हुए कहा कि जरूरत पड़ने पर हिंदुस्तान की सरहदों की रक्षा के लिए वे तैयार हैं। दुआ में देश के जवानों की सलामती और सीमा पर तैनात सैनिकों की हिफाजत की गई। शहर काजी ने सभी समुदायों से एकजुट रहने और अफवाहों से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश की एकता को बिगाड़ने वाली ताकतों को सफल नहीं होने दिया जाएगा। मस्जिद के बाहर भी लोगों ने शांति का संदेश दिया। कई मुस्लिम युवाओं ने देश के लिए बलिदान देने की तत्परता जताई। स्थानीय प्रशासन ने मस्जिद के आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे।

## विवाहिता का फंदे से लटका मिला शव

### मायके पक्ष ने पति पर लगाया हत्या का आरोप, कहा- 3 साल से कर रहा था प्रताड़ित

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, थाना तिलहर क्षेत्र में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान 28 वर्षीय आरती के रूप में हुई है। मायके पक्ष ने पति और ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। आरती की शादी 10 साल पहले मुस्तफाबाद निवासी सुनील से हुई थी। दंपति के दो बच्चे हैं। गुरुवार शाम को सुनील ने मायके वालों को फोन कर आरती के बीमार होने की सूचना दी। जब मायके वाले ससुराल पहुंचे तो आरती का शव जमीन पर पड़ा मिला। मृतका की मां ममता ने बताया कि उनका दामाद तीन साल से बेटी पर शक करता था। वह फोन पर बात करने से रोकता था और मायके आने की भी अनुमति नहीं देता था। यहां तक कि अगर आरती अपने भाई से फोन पर बात करती थी, तो भी पति शक करता था। मां का आरोप है कि दामाद और ससुराल वालों ने आरती की हत्या कर शव को फांसी के फंदे पर लटका दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मायके पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## सम्पादकीय

# सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों के लिए कैशलेस योजना वरदान

देश में सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को निर्दिष्ट अस्पतालों में पहले सात दिन के लिए डेढ़ लाख रुपये तक के कैशलेस उपचार की सुविधा मानव सुरक्षा के लिहाज से जनकल्याणकारी कदम है। विश्व में सबसे अधिक सड़क दुर्घटनाएं भारत में होती हैं। तमाम सरकारी प्रयासों के बावजूद सड़क हादसे कम नहीं हो रहे हैं, ये सालाना स्तर पर प्रति वर्ष करीब 12 फीसदी की दर से बढ़ रहे हैं। प्रति वर्ष औसत 4.5 लाख से अधिक सड़क हादसे हो रहे हैं। इनमें करीब दो लाख लोगों की अकाल मृत्यु हो जाती है और करीब 4.5 लाख लोग घायल हो जाते हैं। मौतों में 9 फीसदी व घायलों में 15 फीसदी की बढ़ोत्तरी दर्ज हो रही है। सड़क दुर्घटना के बाद अगर पीड़ितों को जल्द अस्पताल पहुंचा दिया जाय तो हजारों लोगों को मौत से और लाखों लोगों को अपंग होने से बचाया जा सकता है। देखा गया है कि सड़क दुर्घटना के सबसे अधिक शिकार परिवार के कामकाजी व युवा होते हैं। इसलिए हादसे का समाज पर आर्थिक असर गहरा है। ऐसे में पांच मई से लागू सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस उपचार योजना घायलों की जीवनरक्षा के लिए वरदान साबित होगी। अक्सर देखा जाता है कि पैसे के चलते अस्पताल इलाज करने में आनाकानी करते हैं। सड़क हादसे के पीड़ितों के लिए नकदी रहित इलाज योजना व्यापक प्रभाव पैदा करेगी। इस योजना का उद्देश्य समय पर चिकित्सा सहायता न मिलने के कारण हर वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों की संख्या को कम करना है और पीड़ितों को संभावित स्थाई अपंगता से बचाना है। देशभर में किसी भी सड़क पर मोटर वाहन से दुर्घटना का शिकार होने वाला कोई भी व्यक्ति इस योजना के प्रावधानों के अनुसार कैशलेस उपचार का हकदार होगा। इस योजना के अंतर्गत निर्दिष्ट अस्पताल के अलावा किसी अन्य अस्पताल में उपचार केवल पीड़ित की हालत स्थिर करने के उद्देश्य से और दिशानिर्देशों के अनुसार ही होगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) को पुलिस, अस्पतालों और राज्य स्वास्थ्य एजेंसियों के साथ समन्वय कार्यक्रम के लिए कार्यान्वयन एजेंसी बनाया गया है। राज्य सड़क सुरक्षा परिषद उस राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के लिए योजना के कार्यान्वयन के लिए नोडल एजेंसी होगी और निर्दिष्ट अस्पतालों को शामिल करने, पीड़ितों के उपचार, उपचार पर निर्दिष्ट अस्पताल को भुगतान एवं संबंधित मामलों के लिए पोर्टल को अपनाने तथा उपयोग के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के साथ समन्वय करने को लेकर जिम्मेदार होगी। सरकार ने योजना के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए सड़क सचिव के अधीन 11 सदस्यीय एक संचालन समिति भी गठित की है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने 14 मार्च, 2024 को सड़क दुर्घटना पीड़ितों को कैशलेस उपचार प्रदान करने के लिए चंडीगढ़ में एक पायलट कार्यक्रम शुरू किया था, जिसे बाद में छह राज्यों तक विस्तारित किया गया। हाल में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा था कि वर्ष 2023 में 4.80 लाख सड़क दुर्घटनाओं में 1.72 लाख लोगों की मौत हो गई। देश में 5 साल में सड़क हादसों में 7.77 लाख मौतें हुई हैं। वर्ष 2021 तक एक दशक में करीब 13 लाख से अधिक लोगों की मृत्यु सड़क हादसे में हुई व 50 लाख लोग घायल हुए थे। सरकार ने वर्ष 2024 तक सड़क हादसे में 50 फीसदी कमी लाने का लक्ष्य रखा था, पर यह नहीं हो सका। देर से ही सही, पर सरकार जागी है और हादसे पीड़ितों के इलाज के लिए कैश्लेस योजना लेकर आई, लेकिन इस योजना के दुरूपयोग को रोकने के उपाय भी सुनिश्चित करने होंगे।

## सोशल मीडिया

सुनील कुमार महला



# ट्रोलर्स दूसरों की निजता व गरिमा का भी ख्याल रखें

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम हमले में अपने पति, भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल को खोने वाली हिमांशी नरवाल को हाल ही में ट्रोलर्स ने निशाना बनाया। दरअसल, वह लगातार शांति की अपील कर रही थी और उन्होंने पत्रकारों के सामने यह बात कही थी कि-'हम नहीं चाहते कि लोग मुसलमानों या कश्मीरियों के ख़िलाफ़ जाएं। हम शांति चाहते हैं और केवल शांति। बेशक, हम न्याय चाहते हैं, जिन्होंने ग़लत किया है उन्हें सज़ा मिलनी चाहिए।' यह बहुत ही अफसोसजनक है कि मुसलमानों या कश्मीरियों के खिलाफ नफरत न फैलाने की अपील करने वाली हिमांशी नरवाल को ट्रोलर्स द्वारा निशाना बनाया गया और उन पर अभद्र टिप्पणियां की गईं, यहां तक कि उन्हें हिंसा की धमकियां भी दी गईं। हिमांशी नरवाल ही नहीं, एक बच्ची से दरिंदगी के खिलाफ सड़क पर उतरे लोगों की मर्यादाहीन भाषा पर एतराज जताने वाली शैला नेगी को भी अभद्र टिप्पणियों और धमकियों का सामना करना पड़ा। यहां पाठकों को यह बताता चलूं कि नैनीताल में मचे बवाल (मुस्लिमों को गाली दे रहे प्रदर्शनकारियों से भिड़ने पर) के बीच एक स्थानीय महिला शैला नेगी का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ। वीडियो के वायरल होने के बाद शैला नेगी को रेप तक की धमकी दी गई। बहरहाल, इससे बड़ी बात भला और क्या हो सकती है कि सोशल मीडिया आज धमकियों का प्लेटफार्म बन चुका है। वास्तव में, सोशल मीडिया पर आज किसी को भी ट्रोल करना, किसी व्यक्ति विशेष पर ऊल-जलूल और अभद्र टिप्पणियां करना, धमकियां देना, जो भी मन में आए वह कंटेंट डाल देना जैसी बातें आम हो चली हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज के समय में हम पाश्चात्य संस्कृति में जीने लगे हैं और भारतीय संस्कृति और इसके नैतिक मूल्यों, आदर्शों और प्रतिमानों को लगातार भूलते चले जा रहे हैं। सच तो यह है कि सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के साथ ही आज हमारे समाज से नैतिक मूल्यों में निरंतर गिरावट देखी जा रही है। आज सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से लोगों में सहानुभूति की कमी, साइबर बुलिंग (बिना किसी डर के दूसरों को निशाना बनाना) और व्यक्तिगत जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। लोग अब अपनी निजता का सम्मान नहीं करते हैं और दूसरों की भावनाओं की बिल्कुल भी परवाह नहीं करते हैं कि वे एक सार्वजनिक मंच पर क्या कह रहे हैं और वास्तव में उन्हें क्या कहना चाहिए और क्या नहीं कहना चाहिए तथा इसका समाज और देश पर क्या और किस कदर प्रभाव पड़ सकता है? वास्तव में होना तो यह चाहिए कि सोशल मीडिया पर हम दूसरों के प्रति सम्मान और सहानुभूति दिखाएं, और उनके विचारों का सम्मान करें। सोशल मीडिया पर ग़लत सूचनाओं, जानकारी को शेयर ना करें और सोशल मीडिया पर अपने समय को सीमित करते हुए हम व्यक्तिगत जीवन को प्राथमिकता दें। आज ट्रोलर्स सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर ऐसा बर्ताव करते हैं, जिसके सामने कोई नियम-कायदा, नैतिकता या मर्यादा नहीं टिकती। हिमांशी नरवाल और शैला नेगी इसी ट्रेंड का शिकार हुई। वास्तव में ट्रोलर्स को अपनी बात रखने, अपनी अभिव्यक्ति देने की अपनी आजादी तो नजर आती है, लेकिन इस दौरान उन्हें सामने वाले के अधिकार और उसकी गरिमा, नैतिकता आदि का ध्यान नहीं रहता। यह बात ठीक है कि किसी व्यक्ति विशेष की बातों से सहमत या असहमत हुआ जा सकता है, लेकिन इसे व्यक्त करने का तरीका शालीन, सभ्य व नैतिकता को ध्यान में रखने वाला होना चाहिए। वास्तव में सोशल मीडिया पर कंटेंट जानकारी परक, अच्छा, प्रासंगिक, विशिष्ट, मर्यादित होना चाहिए। कहना ग़लत नहीं होगा कि सोशल मीडिया पर अमर्यादित और अभद्र भाषा का इस्तेमाल तो बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है। हमें यह याद रखना चाहिए कि सोशल मीडिया का दायरा बहुत ही व्यापक है और जब हम कोई बात ऐसे मंच पर कहते हैं तो यह बहुत दूर तक जाती है। इसलिए सोशल मीडिया इस्तेमाल करते समय इसके प्रभाव और पहुंच को लेकर हमेशा सतर्क व पूर्ण जागरूक रहना चाहिए। ऐसा भी नहीं है कि हिमांशी नरवाल और शैला नेगी को सोशल मीडिया पर सपोर्ट करने वाले लोग नहीं

# भारत से दुश्मनी पाक के डीएनए में



## विश्लेषण

कृष्ण प्रताप सिंह

**भारत से दुश्मनी पाकिस्तान के डीएनए में शामिल है और इस दुश्मनी का अक्लमंदी से विलोम सम्बन्ध है। तभी तो उसके लिए इशारा तो क्या, वह 'सीख' भी काफी नहीं सिद्ध हो पा रही, जो उसके राष्ट्रपति (सदर) फील्ड मार्शल अयूब खां ने भारत से 1965 के युद्ध में तब दी थी, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के नेतृत्व में भारत ने उन्हें दिन में तारे दिखाते हुए अपनी सेनाएं लाहौर तक पहुंचा दी थीं। भारत पर नाहक हमले के अपने दुस्साहस का ऐसा जवाब पाकर अयूब खां ने अपने मंत्रियों से कहा था कि मैं पाकिस्तान 50 लाख कश्मीरियों के लिए 10 करोड़ पाकिस्तानियों की ज़िंदगी कभी ख़तरे में नहीं डालेगा, लेकिन पाक तभी से इसे समझने से लगातार इनकार करता रहा है।**

कहावत है कि अक्लमंद के लिए इशारा काफी होता है, लेकिन यह कहावत जैसे पाकिस्तान पर लागू नहीं होती। इसलिए कि भारत से दुश्मनी उसके डीएनए में शामिल है और इस दुश्मनी का अक्लमंदी से विलोम सम्बन्ध है। तभी तो उसके लिए इशारा तो क्या, वह 'सीख' भी काफी नहीं सिद्ध हो पा रही, जो उसके राष्ट्रपति (सदर) फील्ड मार्शल अयूब खां ने भारत से 1965 के युद्ध में तब दी थी, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के नेतृत्व में भारत ने उन्हें दिन में तारे दिखाते हुए अपनी सेनाएं लाहौर तक पहुंचा दी थीं। भारत पर नाहक हमले के अपने दुस्साहस का ऐसा जवाब पाकर अयूब खां की घिग्घी कुछ इस तरह बंध गई थी कि वे अपने मंत्रिमंडल की बैठक में भी उसका बंधना नहीं भुला पाये थे। तब उन्होंने अपने मंत्रियों से कहा था कि मैं चाहता हूँ कि यह समझ लिया जाए कि पाकिस्तान 50 लाख कश्मीरियों के लिए 10 करोड़ पाकिस्तानियों की ज़िंदगी कभी ख़तरे में नहीं डालेगा...कभी नहीं। लेकिन पाकिस्तान तभी से इसे समझने से लगातार इनकार करता रहा है।

दरअसल, 22 दिनों के उस युद्ध में पाकिस्तान के 3,800 सैनिक मारे गए थे और भारत ने उसके 1840 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर कब्ज़ा कर लिया था। अयूब के लिए यह कब्जा सर्वथा अकल्पनीय था क्योंकि हमले से पहले उन्होंने सोचा था कि जो भारत अभी तीन साल पहले चीन से लड़कर बुरी तरह मुंह की खा और भारी नुक़सान उठा चुका है, उसका मनोबल इतना कम होगा कि पाकिस्तान के सामने दो दिन भी मुश्किल से टिक पायेगा।

अयूब लाल बहादुर शास्त्री के ठिगने कद को लेकर प्रायः उनका मजाक उड़ाया करते और कहा करते थे कि यह आदमी तो बात करने लायक ही नहीं है। इसीलिए उन्होंने हमले से पहले प्रस्तावित अपनी दिल्ली यात्रा रद कर दी थी और शास्त्री जी पाकिस्तान गये तो उनका यथोचित आदर भी नहीं किया था। वे इस गुमान में फूले हुए थे कि उनके हमले के बाद शास्त्री भारत की सेनाओं को अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कराने या उनसे लाहौर की तरफ नया मोर्चा खुलवाने का सपना तक नहीं देख पायेंगे, जबकि पाक चहलकदमी करते हुए दिल्ली पहुंच जायेगा। दरअसल, 1947-48 के प्रथम जम्मू-कश्मीर युद्ध में अयूब का देश गिलगिट व बाल्टिस्तान समेत कश्मीर के लगभग एक तिहाई हिस्से पर कब्जा जमाकर उसे बरकरार रखने में कामयाब हो गया था, क्योंकि 01 जनवरी,1949 को संयुक्त राष्ट्र संघ का युद्धविराम प्रस्ताव औपचारिक तौर पर लागू होने तक भारत की सेनाएं वहां से उसे खदेड़ नहीं पाई थीं। जहां तक खदेड़ पाई थी, संयुक्त राष्ट्र संघ ने वहीं तक भारत की नियंत्रण रेखा बना दी थी। यह और बात है कि अपने हजारों सैनिक खोकर पाक को इस कब्जे की बड़ी क़ीमत चुकानी पड़ी थी। अयूब को लगता था कि 1965 में पाक सेनाएं कहीं ज्यादा तेजी से भारतीय इलाके पर कब्जा कर लेंगी और भारत के उनको पीछे हटा पाने से पहले ही युद्धविराम के लिए अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ जायेगा और एक नई वास्तविक नियंत्रण रेखा बन जायेगी। लेकिन जिन शास्त्री जी को वे सटियाते नहीं थे, उनके द्वारा युद्ध के दौरान निष्कंप भाव से और तेजी से लिये गये फ़ैसलों ने अंततः अयूब को नानी याद दिला दी। शास्त्री जी ने भारतीय सेनाओं से कहा कि वे देश की रक्षा के लिए कुछ भी उठा न रखें और उन्हें



सिर्फ यह बतायें कि इसके लिए उन्हें क्या-क्या चाहिए। उनकी इस सदाशयता के उत्साह से भरी भारतीय सेना ने छह सितंबर,1965 की सुबह अमृतसर के रास्ते पाकिस्तानी पंजाब में घुसकर लाहौर तक पहुंचने का अपना अभियान शुरू किया तो दुश्मन को उसकी भनक तक नहीं लगने दी और कुछ ही घंटों में डोगराई के उत्तर में बड़े क्षेत्र पर क़ब्ज़ा कर इच्छोगिल नहर को पार कर लिया। अयूब ख़ां को इसकी खबर हुई तो उनकी आंखों के आगे अंधेरा छाने लगा।

उन्होंने आईएसआई के प्रमुख ब्रिगेडियर रियाज़ हुसैन को फ़ोन किया तो पाया कि इस बाबत उन्हें कोई जानकारी ही नहीं थी। बहरहाल, इसके बाद मजाक उड़ाने की बारी शास्त्री जी की थी। 26 सितंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान पर एक सभा में उन्होंने कहा, 'सदर अयूब ने एलान किया था कि वे दिल्ली तक चहलक़दमी करते हुए पहुंच जाएंगे। वो इतने बड़े आदमी हैं, लहीम-शहीम हैं। मैंने सोचा कि उनको दिल्ली तक पैदल चलने की तकलीफ़ क्यों दी जाए। हम ही लाहौर की तरफ़ बढ़कर उनका इस्तक़बाल करें।' यह तो सुविदित ही है कि बाद में ताशकंद में वार्ता की मेज पर अयूब ने गिड़गिड़ाते हुए शास्त्री जी से कहा कि समझौते में कुछ तो ऐसा कर दें, जिससे बेचारे पाकिस्तान जाकर मुंह दिखा सकें। शास्त्री जी ने कहा कि माफ कीजिए, सदर साहब, मैं आपकी यह सेवा नहीं कर सकता। यों धूल चाटने के बावजूद पाकिस्तान को नहीं सुधरना था और वह नहीं सुधरा। 1971 में पूर्वी पाकिस्तान (अब बंग्लादेश) के साथ अपने अंतर्विरोध नहीं सुलझा सका तो वहां भीषण कत्लोगारत के बाद तीन दिसम्बर, 1971 को खुन्नस में भारत पर एक और हमला कर दिया। फिर तो उसकी ऐसी शामत आई कि 16 दिसम्बर, 1971 को ढाका में जनरल अमीर अब्दुल्ला खान नियाजी के नेतृत्व में उसके 93 हजार से ज्यादा शस्त्र सज्जित सैनिकों को घुटनों के बल आकर आत्मसमर्पण कर देना पड़ा। दुनिया के इतिहास में अन्य किसी भी युद्ध में इतनी बड़ी संख्या में सैनिकों ने आत्मसमर्पण नहीं किया। वह भी जब उनके पास गोला-बारूद, हथियारों और रसद की कोई कमी नहीं थी। इस युद्ध के फलस्वरूप पाकिस्तान दो टुकड़ों में बंट गया। उसका पूर्वी हिस्सा बंगलादेश नाम से नया राष्ट्र बन गया। अनंतर, उसने कुटिलतापूर्वक भारत में आतंकवाद को प्रश्रय देने और उसके जरिये छद्म युद्ध लड़ने का रास्ता अपना लिया। फ़रवरी, 1999 में उसने दोहरी चाल चलकर एक ओर भारतीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को लाहौर बुलाकर दोनों देशों के बीच नए रिश्ते की शुरुआत का समझौता किया, तो दूसरी ओर कश्मीर में कारगिल की पहाड़ियों पर अपने सैनिकों की घुसपैठ करा दी। इस युद्ध में बुरी तरह हार के बाद नवाज शरीफ सरकार का तख्ता पलट हो गया और सेनाध्यक्ष परवेज मुशर्रफ ने सत्ता अपने हाथ में ले ली।

पाकिस्तान की बार-बार हारकर भी न सुधरने की प्रवृत्ति की कोई भी कहानी उसके विदेशमंत्री, प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति रहे जुल्फिकार अली भुट्टो के जिक्र के बगैर पूरी नहीं हो सकती। जब 1974 में भारत ने पोखरन में पहला परमाणु परीक्षण किया तो उन्हें फिर बहुत मिर्ची लगी। तब प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी घास खाकर गुजर कर लेंगे, लेकिन परमाणु बम बनाएंगे। लेकिन इससे पहले कि वे अपना यह 'सपना' पूरा कर पाते उनके सेना प्रमुख जनरल जिया-उल-हक ने उनको सत्ता से बेदखल कर दिया और एक राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी की हत्या के मामले में उन पर मुकदमा चलाकर 4 अप्रैल, 1979 को फांसी पर लटका दिया। अब, इस सबसे कोई सबक लिये बिना भुट्टो के नाती बिलावल भुट्टो जरदारी, भारत द्वारा सिंधु नदी जल समझौते को निलंबित करने से चिढ़कर कह रहे हैं कि सिंधु में पानी बहेगा या उनका (भारतीयों का) खून। यह तो हद है भाई।

# कैसे चेतना को विस्तृत करता है योग?



संकलित

**दर्शन**

योग के आठ अंग हैं और उनमें से मात्र एक अंग है शारीरिक मुद्राएं या आसन। योग मात्र व्यायाम नहीं है, इसमें मुख्य बात मन की समरसता को बनाए रखना है। जब आप कोई भी कार्य सजगता से करते हैं, तब आप इस बात के प्रति सजग होते हैं कि आप क्या कह रहे हैं। यही आपको योगी बनाता है। योग के प्रतिपादक पतंजलि ने बताया है कि योग का उद्देश्य दुख को आने से पहले ही दूर कर देना है। लालच, क्रोध, जलन, घृणा, निराशा आदि नकारात्मक भावनाओं को योग से मिटाया जा सकता है। जब आप खुश होते हैं, तब आप अपने भीतर एक विस्तार की भावना का अनुभव करते हैं। विफलता या अपमान की स्थिति में लगता है कि हमारे भीतर कुछ सिकुड़ गया है। इस पर ध्यान देना ही योग है, जिसका हमारे खुश हो जाने पर विस्तार होता है और जो हमारे दुखी हो जाने पर सिकुड़ जाता है। मन की इस स्थिति को परिवर्तित करने का रहस्य योग में है। यह आपको स्वतंत्र बनाता है। अपनी ही भावनाओं के द्वारा पीड़ित होने के बजाय आप जिस समय जैसा महसूस करना चाहते हैं, योग उसके लिए आपको शक्ति प्रदान करता है। योग निश्चित रूप से आपको अधिक जिम्मेदार बनाता है, क्योंकि योग से आपके भीतर ऊर्जा एवं उत्साह उत्पन्न होता है। आप तब जिम्मेदारी नहीं लेना चाहते हैं, जब आप थके हुए और तनावग्रस्त होते हैं। यदि आपने अपनी थकान और तनाव को संभाल लिया, तब आप निश्चित रूप से अधिक जिम्मेदारी उठाएंगे और आपके भीतर हल्कापन भी बना रहेगा।

# तुलसीदास जी द्वारा श्रीराम के दर्शन का उपाय



संकलित

**प्रेरणा**

एक ब्राह्मण दिनभर गोस्वामी जी के कुटिया के बाहर बैठकर लोभवश राम-राम रटता। संध्या के समय श्रीहनुमान जी उसे धन दे देते थे। एक वार उसने भगवान के दर्शन के लिए बड़ा हठ किया। गोस्वामी जी ने कहा: उसके लिए प्रेम और भाव चाहिए, संत की कृपा चाहिए। ऐसे ही एकदम भगवान नहीं मिलते। उसने कहा: आप समर्थ महापुरुष है, आप भगवान् के दर्शन करवा सकते है। वह हठ पर अड़ गया। गोस्वामी जी ने कहा: ठीक है यहाँ सामने इस पेड़ पर चढ़ जाओ, पेड़ के नीचे त्रिशूल गाढ़ दो और उस त्रिशूल पर कूद पडो। भगवान् के दर्शन हो जायेंगे। वह त्रिशूल गाडकर वृक्षपर चढ़ा, परंतु कूदने की हिम्मत नहीं हुई। एक घुडसवार उधर से जा रहा था, उसने पूछा: पेड़ पर क्या कर रहे हो? ब्राह्मण बोला: तुलसीदास जी ने कहा है पेड़ पर से त्रिशूल पर कूदो तुम्हे भगवान् श्रीराम के दर्शन होंगे। उस व्यक्ति ने कहा: क्या सच में यह बात तुलसीदास जी के श्रीमुख से निकली है? ब्राह्मण बोला: जी हाँ ! वह व्यक्ति तुरंत पेड़ पर चढ़कर त्रिशूलपर कूद पडा। उसे भगवान ने आकर हाथ से पकड़ लिया और उसे श्रीराम के दर्शन प्राप्त हो गये। हनुमान जी ने उसे तत्त्वज्ञान का उपदेश भी दिया। गोस्वामी जी ने सत्य ही कहा था, जिनमें प्रेम-भाव हो एवं संत की कृपा हो वही भगवान के दर्शन पाता है।

## केदारनाथ दर्शन



रुद्रप्रयाग जिले में मंगलवार को केदारनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे।

## आज की पाती

### क्या किसी की भूख की तस्वीर लेना जायज है?

आज का युग 'डिजिटल करुणा' का युग बन चुका है, जहां इनसानियत, परोपकार और सहानुभूति जैसे मूल्य अब मौन संवेदनाओं की बजाय कैमरे की फ्लैश में दर्ज होते हैं। पहले जहां 'नेकी कर दरिया में डाल' की परंपरा जीवित थी, अब वह बदलकर 'नेकी कर, सोशल मीडिया पर डाल' हो चुकी है। भलाई की भावना मनुष्य की सबसे पवित्र प्रवृत्तियों में से एक है। किन्तु आज के समय में यह गुण मंच पर आ चुका है– एक ऐसा मंच जहां तालियां हैं, टिप्पणियां हैं, और सबसे ज़रूरी, एक कैमरा है जो हर क्षण को 'दृश्य' बनाता है। एक समय था जब कोई वृद्ध भूखा दिखता, तो राह चलते लोग बिना कुछ कहे उसे कुछ खाने को दे जाते थे। लेकिन अब किसी की भूख बुझाने की भी तस्वीरें ली जा रही हैं। *– प्रणय शर्मा, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# कनाडा से अलग होने दिया जनमत संग्रह का प्रस्ताव

कनाडा में अल्बर्टा प्रांत की प्रमुख ने सोमवार को कहा कि अगर नागरिकों द्वारा प्रस्तुत अर्जी पर अपेक्षित संख्या में लोगों के हस्ताक्षर सामने आते हैं तो वह अगले वर्ष कनाडा से अलग होने के मुद्दे पर जनमत संग्रह कराएंगी। सोशल मीडिया पर अपने 'लाइवस्ट्रीम' संबोधन में डैनियल स्मिथ ने कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से इस प्रांत के कनाडा से अलग होने का समर्थन नहीं करती हैं और उन्होंने एकजुट कनाडा के भीतर एक मजबूत और संप्रभु अल्बर्टा के लिए 'बेहतर भविष्य' की आशा व्यक्त की। उन्होंने कहा, 'चाहे जो भी वजह हो क्या कनाडा को हमारे प्रांत पर हमला करना जारी रखना चाहिए जैसा कि बीते कुछ दशक में किया गया है,



## ऑफ बीट

# बुध ग्रह अभी भी सिकुड़ता जा रहा

ग्रह वैज्ञानिक लंबे समय से जानते हैं कि बुध अरबों वर्षों से सिकुड़ रहा है। सूर्य के सबसे निकट ग्रह होने के बावजूद, आंतरिक गर्मी निकल जाने के कारण इसका आंतरिक भाग ठंडा होता जा रहा है। इसका मतलब यह है कि जिस चट्टान (और, उसके भीतर, धातु) से यह बना है, उसका आयतन थोड़ा सिकुड़ता जा रहा है। हालाँकि, यह अज्ञात है कि ग्रह आज भी किस हद तक सिकुड़ रहा है – और, यदि यह वाकई सिकुड़ रहा है, तो यह भी कोई नहीं जानता कि यह प्रक्रिया कितने समय तक जारी रहने की संभावना है। चूँकि बुध का आंतरिक भाग सिकुड़ रहा है, इसकी सतह (परत) के पास ढकने के लिए उत्तरोत्तर कम क्षेत्र रह गया है।



## ट्रेंड

### अपूरणीय आध्यात्मिक क्षति



चंबल अंचल के सिद्ध संत, परम पूज्य श्री श्री 1008 माखनदास जी महाराज के ब्रह्मलीन होने का दु:खद समाचार मिला। महाराज जी ने अपनी तपस्या, सेवा और भक्ति से लाखों लोगों को प्रभु-मार्ग की ओर प्रेरित किया। उनका विछोह अंचल के लिए एक अपूरणीय आध्यात्मिक क्षति है।
-ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय संचार मंत्री

### डिजिटलीकरण परियोजना



एनएआई ने ऐतिहासिक दस्तावेजों के डिजिटलीकृत पन्नों की 10 करोड़ की संख्या को पार कर लिया है। डिजिटलीकरण परियोजना का उद्देश्य इस संस्थान के पास मौजूद ऐतिहासिक दस्तावेजों को जनता के लिए और अधिक सुलभ बनाना है।
-गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय संस्कृति मंत्री

### हमें एकजुट रहना है



पहलगाम हमले में शहीद हुए लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के शोकाकुल परिवार से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। अपार दुख में भी उनका हौसला और साहस देश के लिए एक संदेश है - हमें एकजुट रहना है।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### हॉलीवुड को प्रोत्साहन



राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा अमेरिका में आयात की जाने वाली सभी फिल्मों पर 100% टैरिफ लगाने से हॉलीवुड को अमेरिका से बाहर जाने के लिए प्रोत्साहन मिल सकता है! जो उन्होंने इरादा किया था, उसके विपरीत।
-शेखर कपूर, फिल्मकार

## संक्षेप

### आतंकी हमले से बचने की तैयारी

**पुलिस, फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस रही मौजूद, एयर स्ट्रिप का भी होगा इस्तेमाल**

सुलतानपुर, जीआईसी स्कूल परिसर में आपात स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस, फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस सेवा की टीमें मौजूद रहीं। अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि यह ड्रिल पाकिस्तान से पहलगाम में हुए आतंकी हमले के मद्देनजर कराई गई। इसका मुख्य उद्देश्य आपात स्थिति में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना था। शासन के निर्देश पर जिलों में यह ड्रिल कराई जा रही है, ताकि लोगों में विश्वास बढ़े और भय का माहौल न रहे। सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम प्रशासन ने कई सुरक्षा इंतजाम किए हैं। जरूरत पड़ने पर पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर बनी एयर स्ट्रिप का उपयोग किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने अतिरिक्त बेड की व्यवस्था की है। डॉक्टरों की टीम, पुलिस विभाग और राजस्व विभाग अलर्ट मोड पर हैं। लोगों से संयम बनाए रखने की अपील मॉक ड्रिल में स्कूली छात्रों को आपात स्थिति में खुद को सुरक्षित रखने के तरीके बताए गए। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस और प्रशासन को सूचित करें और धैर्य बनाए रखें।

### जमीनी विवाद में महिला का अंगूठा काटा

**पड़ोसी ने किया हमला, सास को भी पीटा; गिरफ्तारी नहीं होने पर एसपी से शिकायत**

सुलतानपुर, एक पीड़िता न्याय मांगने एसपी ऑफिस पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। प्रकरण कादीपुर के सरायरानी गांव से जुड़ा है। जहां पूर्व निर्मला देवी और उनके बेटे सूजल निषाद ने विमला देवी के घर में घुसकर हमला कर दिया। आरोप है कि निर्मला देवी ने विमला के बाएं हाथ का अंगूठा दांत से काट लिया। बीच-बचाव करने आईं विमला की सास आनारा देवी को भी नहीं बख्शा गया। उन्हें मारा-पीटा और उनका चश्मा तोड़ दिया गया। विमला देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपी उन्हें और उनके परिवार को लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। शोर मचाने पर आस-पड़ोस के लोग आ गए, जिससे उनकी जान बची।

### सब्जी-फल मंडी में व्यापारियों की बैठक

**एक सप्ताह में जिला स्तरीय कमेटी का गठन होगा, व्यापारियों की समस्याओं का होगा समाधान**

सुलतानपुर, अमहट मंडी में अध्यक्ष मोहम्मद शमीम लइया की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक की शुरूआत में पहलगाम में हुई हिंसा के जवाब में पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर की गई कार्रवाई के लिए भारतीय सेना और प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया गया।

# वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती पर गुरुकुल पब्लिक स्कूल में गूंजे देशभक्ति के स्वर

**गुरूकुल पब्लिक स्कूल मे मनायी गयी महाराणा प्रताप की जयन्ती**

### पुलिस अधीक्षक ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के पावन अवसर पर गुरुकुल पब्लिक स्कूल के सभागार में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम 'का आयोजन हुआ। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत गीत, नृत्य और ओजपूर्ण भाषणों की शानदार प्रस्तुति दी।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बहराइच के पुलिस अधीक्षक आर. एन. सिंह एवं विशिष्ट अतिथि राजा पयागपुर यशवेंद्र विक्रम सिंह रहे। मुख्य अतिथि सिंह ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि इन प्रतिभाशाली छात्रों में कोई भविष्य का महाराणा बनेगा तो कोई कल्पना



चावला। उन्होंने केसरिया पगड़ी और बच्चों के संस्कारों की विशेष प्रशंसा करते हुए गुरुकुल विद्यालय की सराहना की।विशिष्ट अतिथि राजा पयागपुर यशवेंद्र सिंह ने संस्थापक प्रबंधक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बहराइच में गुरुकुल जैसा संस्कार प्रधान विद्यालय मिलना दुर्लभ है बच्चों की प्रस्तुति और केसरिया पगड़ी को देखकर कर कहा इसी में कोई महाराणा प्रताप तो कोई कल्पना चावला बनेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरुकुल पब्लिक स्कूल के संस्थापक प्रबंधक एवं विश्व हिंदू परिषद, अवध प्रांत के कार्याध्यक्ष राजदेव सिंह ने की। उन्होंने गुरुकुल शिक्षा प्रणाली की ऐतिहासिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पूर्वकाल में विद्यार्थी भिक्षा मांग कर भी शिक्षा प्राप्त करते थे।कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या, शिक्षकगण, अभिभावक एवं भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सम्पूर्ण आयोजन में देशभक्ति, संस्कृति और शिक्षा का अद्भुत संगम देखने को मिला।

# भारत नेपाल सीमा पर पुलिस और एसएसबी की संयुक्त गश्त

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। भारत नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बहराइच जिले के रुपईडीहा थाना क्षेत्र में स्थानीय पुलिस और सशस्त्र सीमा बल ने संयुक्त गश्त की है। यह गश्त थाना प्रभारी निरीक्षक ददन सिंह के नेतृत्व में आयोजित की गई जिसमें थाना पुलिस की टीम के साथ साथ एसएसबी के जवान भी शामिल रहे। गश्त के दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी गई। पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने सीमा पर स्थित संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण किया और वहां मौजूद सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सीमा पार से होने वाली अवैध गतिविधियों, अवैध घुसपैठ और अन्य अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना था। थाना प्रभारी



ददन सिंह ने बताया कि भारत नेपाल सीमा क्षेत्र में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और एसएसबी नियमित रूप से इस तरह की संयुक्त गश्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा हमारा लक्ष्य सीमा पर किसी भी तरह की अवैध गतिविधियों को रोकना और स्थानीय लोगों में सुरक्षा का विश्वास कायम करना है। इस गश्त के दौरान सीमा पर बसे गांवों के लोगों से भी बातचीत की गई और उन्हें संदिग्ध व्यक्तियों या गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया गया।

# कृष्ण मोहन शुक्ल को मिला राज्य अध्यापक पुरस्कार

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। कृष्ण मोहन शुक्ल प्रधानाचार्य श्रीराम जानकी शिव संस्कृति विद्यालय कैलासबाग परसिया आलम पयागपुर (बहराइच) कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष माध्यमिक संस्कृत शिक्षक कल्याण समिति उत्तर प्रदेश सेमरौना (विशेश्वरगंज) को राज्य अध्यापक पुरस्कार 2024 से पुरस्कृत किए जाने का पत्र शासन से जारी हुआ है। कृष्ण मोहन शुक्ल को माननीय उच्च न्यायालय लखनऊ के द्वारा पारित आदेश के क्रम में महामहिम राज्यपाल की अनुमति से राज्य पुरस्कार माध्यमिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश के द्वारा संस्कृत भाषा के संरक्षण एवं उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया गया है। शिक्षक पुरस्कार के लिए मिलने के बाद श्री शुक्ल का कहना है, शिक्षक राज्य पुरस्कार के लिए मिलने पर उन्हें खुशी है। उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए जो सम्मान उन्हें मिला है, उस सम्मान के हकदार



विद्यालय के सभी शिक्षक है।राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बहराइच जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र सहित पदाधिकारियों ने जनपद बहराइच का मान सम्मान एवं गौरव बढ़ाने के लिए कृष्ण मोहन शुक्ल जी को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# शिवलिंग स्थापना हेतु बूढ़ेश्वर नाथ तक निकाली गई भव्य शिव बारात

**सुरक्षा के मद्दे वैवाही पुलिस रही मौजूद**

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। मंदिर निर्माण कर शिवलिंग की स्थापना करने हेतु श्रीमद् भागवत महापुराण की करवाई जा रही अमृतमयी कथा व गुरुवार को कई मंदिरों में शिवलिंग स्पर्श के क्रम में बाजे गाजे के साथ निकाली गई भव्य शिव बारात।खबर है कि जनपद बहराइच के खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत तुलापुरवा गांव में शिव भक्तों द्वारा भव्य शिव मंदिर का हाल ही में निर्माण संपन्न करवाया गया है जिसमें शिवलिंग स्थापित करने व प्राण प्रतिष्ठा हेतु उसे कई मंदिरों शिवालयों से स्पर्श करना होता है। जिसके क्रम में गुरुवार को श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा के आठवें दिन विराजित करने वाले शिवलिंग के साथ बाजे गाजे की धुन पर भव्य शिव बारात तुलापुरवा गांव से मनोकामना सिद्ध बाबा बूढ़ेश्वर नाथ मंदिर तक अबीर गुलाल उड़ाते हुए निकाली गई। जिसमें काफी



संख्या में भक्तगण झूमते नजर आए। कार्यक्रम के प्रबंधक व व्यवस्थापक पूर्व छात्र नेता किशन कुमार मिश्रा ने बताया कि गांव में लोगों के कल्याण के लिए मंदिर का निर्माण करवाया गया है।जिसमें शिवलिंग स्थापित किया जाना है। जिस क्रम में 9 दिवसीय श्रीमद भागवत महापुराण की सांगीत व सरसमयी कथा महामंडलेश्वर ज्ञानी जी महाराज नैमिष द्वारा सुनाई जा रही है। कथा के अंतिम दिवस पर कई मोहक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। भागवत महापुराण एवं मंदिर बनने से ग्रामीणों का कल्याण तो होगा ही साथ ही उनमें श्रद्धा भाव की जागृति होगी। कार्यक्रम में मंदिर कमेटी के संरक्षक ओंकार नाथ मिश्रा, अध्यक्ष रामेंद्र कुमार मिश्रा, जसवंत, मनोज, शिवनाथ, चंद्रमोहन, श्यामलाल निषाद, प्रेम कुमार, अरुण, दुर्गेश कुमार, सत्यम, अजय सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण भक्तजन उपस्थित रहे। वहीं सुरक्षा के दृष्टिगत वैवाही पुलिस मौजूद रही।

# आकस्मिक निधन होने से शोकाकुल परिवार से विधायक ने की मुलाकात



अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। 283 नानपारा विधायक राम निवास वर्मा शुक्रवार को क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र में हुए आकस्मिक निधन परिवारो के घर जाकर शोकाकुल परिजनो कों ढांढस बंधाया। मिली जानकारी के मुताबिक पिपरिया मजरा पंडितपुरवा (नानपारा विधानसभा) क्षेत्र के बीते सप्ताह एक दुःखद घटना में राम सहारे राजपूत के पुत्र का आकाशीय बिजली की चपेट में आने से आकस्मिक निधन हो गया था। घटना अत्यंत पीड़ादायक रही जिसके चलते पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। विधायक नानपारा राम निवास वर्मा ने शोकाकुल परिवार के घर पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट कर परिवार जन कों ढांढस बंधाया तथा आश्वासन दिया कि शासन - प्रशासन की तरफ से मिलने वाली समस्त सहायता शीघ्र उपलब्ध कराई जाएगी एवं स्वयं हर संभव मदद का आश्वासन दिया।मौके पर हरिहर वर्मा, वरुण वर्मा सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी उपस्थिति रहे।

# आतंकी हमले से बचने की तैयारी

**रेलवे स्टेशन पर मॉकड्रिल, घायलों को ग्रीन कॉरिडोर से अस्पताल पहुंचाया**

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, पाकिस्तान से बढ़ते तनाव के मद्देनजर अमेठी में सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों का जायजा लिया गया।

अमेठी और गौरीगंज रेलवे स्टेशन पर आतंकी हमले की स्थिति में तत्काल कार्रवाई के लिए मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान कल्पित आतंकी हमले में घायल हुए चार यात्रियों को ग्रीन कॉरिडोर के जरिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की टीम मौके पर तैनात रही। पुलिस एस्कॉर्ट के साथ घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका आवश्यक इलाज किया गया। सभी अस्पतालों को तैयार किया मॉकड्रिल का नेतृत्व अपर पुलिस अधीक्षक



और मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने किया। सीएमओ अंशुमान सिंह ने बताया कि विषम परिस्थितियों से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से एलर्ट मोड में है। जिला अस्पताल समेत सभी अस्पतालों को तैयार रखा गया है। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक बद्री प्रसाद अग्रवाल ने पुष्टि की कि मॉकड्रिल के दौरान दोनों रेलवे स्टेशनों से लाए गए चारों घायलों का सफलतापूर्वक इलाज किया गया।

# रिटायर्ड कर्मचारी से जबरन वसूली मामले में कार्रवाई

**बाराबंकी के 5 आरोपी गिरफ्तार, 96 हजार रुपए, तमंचा और 2 बाइक बरामद**

अमन लेखनी समाचार

अमेठी, कमरौली पुलिस ने सुबह ट्री स्टार ढाबा के पास से पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों ने रिटायर्ड व्यापार कर विभाग के कर्मचारी से धमकाकर छह लाख रुपए की वसूली की थी। गिरफ्तार आरोपियों में बाराबंकी के हरख थाना जैदपुर के टेरा टंडन का पुरवा निवासी रईस अहमद, नसीर अहमद और अब्बास शामिल हैं। इसके अलावा फतेहपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर बिलौली निवासी सलमान और वारिस नगर निवासी शमशाद अहमद को भी गिरफ्तार किया गया है। पीड़ित के पुत्र ने बताया कि हमारे पिता 18 मार्च 2025 को अपने पैतृक आवास गये थे। दो व्यक्ति घर आए। उन्होंने अपना नाम नसीर अहमद पुत्र




एहसान अली नि० टेरा टण्डन का पुरवा हरख, थाना जैतपुर जनपद बाराबंकी बताया। उन्होंने हमारे पिता से कहा कि तुम्हारे खेत और जमीन की वैरीकेटिंग किये जाने हेतु सरकार द्वारा चिन्हित किया गया। पीड़ित के पिता ने कहा कि अभी मुझे वैरीकेटिंग नहीं करानी है क्योकि मेरे पास पैसे नहीं है। लेकिन इसके बाद दोनों लोगों ने कहा कि इस कार्य में आपका ही लाभ है। पीड़ित ने बताया कि अगले दिन दोनों फिर कुछ लेबर के साथ आए और घर के सामने स्थित खाली प्लाट में पिलर गाड़ने के गढ्डे खुदवाने लगे। इस पर जब पिता ने उन लोगों से कहा कि अभी हम वैरीकेटिंग नहीं करायेगें। तब दोनों लोगों ने कहा कि अभी थोड़ी देर में हमारे विभाग के मुख्य व्यक्ति आ रहे है, वह लोग आपसे बात करेगें।

लगभग 15 मिनट के बाद अन्य लोग मोटर साईकिल से आये और पिता से बात करने के बहाने घर के अन्दर घुस गये, पीड़ित ने बताया कि घर में घुसने के बाद पिता का मुहँ दबाकर कुहनी और हाथ से मारे पीटे, धमकाते हुए कहा कि अगर तुमने थोड़ी सी भी होशियारी की या शोर मचाया तो तुम्हें जान से मार देगें कोई जान भी नहीं पायेगा । तुम्हारी लाश रास्ते में फेक देगें, उसके बाद उन्होंने पिता को मोटर साईकिल पर पीछे बैठाया कुछ दूर चलने के बाद आरोपियों ने मोटर साईकिल के बीच में बैठा लिया और रास्ते में मेरे पिता से कहा कि 6 लाख रुपए तुम्हे हमे घर से या बैंक से कहीं से भी निकाल कर देना है।

यदि तुमने कोई भी दिमाग लगाया या किसी भी तरह की हरकत की तो हमारा गैंग बहुत बड़ा है।

# मथुरा में स्कूल में मिली लापरवाही

**12 स्कूलों में 10 शिक्षक और 2 शिक्षा मित्र गैरहाजिर, एक प्रधानाध्यापक निलंबित**

अमन लेखनी समाचार

मथुरा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त ने दो दिन में 12 से अधिक प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में 10 शिक्षक-शिक्षिकाएं और दो शिक्षा मित्र अनुपस्थित पाए गए। एक विद्यालय में सात डीएलएड प्रशिक्षणार्थी भी नदारद थे। बीएसए ने धीमरी छाता के उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया है। अन्य नौ प्रधानाध्यापक और शिक्षकों का वेतन रोक दिया गया है। उनसे तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा गया है। प्राथमिक विद्यालय धीमरी छाता में सहायक अध्यापक राकेश बैनीवाल अनुपस्थित मिले। उच्च प्राथमिक विद्यालय में इंचार्ज प्रधानाध्यापक हरिपाल सिंह और सहायक अध्यापक पहली मई से




गैरहाजिर चल रहे थे। ग्रामीणों के अनुसार, इंचार्ज प्रधानाध्यापक अक्सर देर से आते हैं और कई दिनों तक अनुपस्थित रहते हैं। उच्च प्राथमिक विद्यालय खुशी में छात्र उपस्थिति कम थी और केवल चार नए नामांकन हुए हैं। प्राथमिक विद्यालय रान्हेरा में इंचार्ज प्रधानाध्यापक शीला भारती और शिक्षा मित्र अनुपस्थित मिले। प्राथमिक विद्यालय रान्हेरा प्रथम में सहायक अध्यापक विजेन्द्र सिंह गैरहाजिर थे। बलदेव ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय हथकौली द्वितीय में 51 पंजीकृत छात्रों में से केवल 24 छात्र उपस्थित थे। इस वर्ष 20 नए छात्रों का नामांकन हुआ है। बीएसए ने सभी स्कूलों को छात्र संख्या बढ़ाने और उपस्थिति 80 प्रतिशत तक लाने के निर्देश दिए हैं।

# नवागन्तुक डीपीआरओ सर्वेश कुमार पाण्डेय का पहला कदम बढ़ा गो-सेवा की ओर

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। नवागंतुक जिला पंचायत राज अधिकारी सर्वेश कुमार पांडे द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत महाराजा दिलीप की गो सेवा को यादकर विकासखंड बलहा में संचालित गौ आश्रय स्थलों का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान मौके पर पशु चिकित्सा अधिकारी हरिश्चंद्र राम, प्रभारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत शाहिद अली उपस्थित रहे ग्राम पंचायत सेलाटनगंज में कान्हा बाल गो आश्रय स्थल के नाम से गौ आश्रय स्थल संचालित है निरीक्षण के दौरान गौ आश्रय स्थल पर व्यवस्थाएं ठीक पाई गई। इस गौशाला में कुल 55 पशु पाए गए। इस गो आश्रम स्थल में पशुओं के रहने हेतु दो सेड तथा पानी पीने के लिए समरसेबल की भी व्यवस्था है मौके पर लगभग 400 कुंतल भूसा एवं 15 बोरी पशु आहार भंडारित पाया गया। ग्राम पंचायत बंजरिया में निरीक्षण के समय 219 पशु पाये गये, जिनके रहने के लिए कुल 05 टीन सेड निर्मित हैं। संरक्षित गोवंश के धूप व गर्मी से बचने के लिए सेड पर सफेद पेंट किया गया है तथा गर्म हवाओं से बचाव हेतु त्रिपाल/पल्ली की व्यवस्था की गयी है। मौके पर लगभग 400 कुंतल भूषा एवं 16 बोरी पशु आहार भण्डारित मिला। सचिव द्वारा बताया गया कि हरे चारे के लिए 05 बीघा जमीन लीज पर ली गयी है। पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि गोवंशों का नियमितज रूप से स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है।

# ट्रक ने साइकिल को मारी टक्कर

**44 वर्षीय राजमिस्त्री की मौत, चालक ट्रक छोड़कर फरार**

अमन लेखनी समाचार

अलीगढ़, एक साइकिल सवार की ट्रक से टक्कर में मौत हो गई। मृतक की पहचान क्यामपुर गांव निवासी भूपाल सिंह (44) के रूप में हुई है। वह पेशे से राजमिस्त्री थे। घटना सुबह पीएसी के पास हुई। भूपाल सिंह रोजाना की तरह साइकिल से अपनी ड्यूटी पर जा रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी साइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि भूपाल सिंह ट्रक के टायर के नीचे आ गए। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। मृतक के ठेकेदार सीताराम ने बताया कि भूपाल सिंह पिछले 6 वर्षों से उनके साथ काम कर रहे थे। घटना की सुबह उनकी भूपाल सिंह से फोन पर बात हुई थी। शव करीब आधे घंटे तक ट्रक के टायर के नीचे पड़ा रहा। पुलिस ने मौके



पर पहुंचकर ट्रक को हटवाया और शव को बाहर निकाला। थाना अध्यक्ष नरेंद्र कुमार शर्मा के अनुसार पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आरोपी चालक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित की गई है।

## संक्षेप

### पीएम श्री स्कूल में मेगा पीटीएम

**विधायक और बीएसए ने की शिरकत, छात्र-अभिभावकों को किया सम्मानित**

गाजियाबाद, मोदीनगर स्थित पीएम श्री कंपोजिट स्कूल सुहाना में मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मोदीनगर विधायक डॉ. मंजू सिवाच और विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. अनुज त्यागी के साथ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों का बुके और स्टॉल से स्वागत किया गया। छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विधायक ने अभिभावकों को शिक्षा के महत्व और सरकारी नीतियों की जानकारी दी। बीएसए ने सरकारी विद्यालयों में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बताया। खंड शिक्षा अधिकारी जमुना प्रसाद ने पीएम श्री विद्यालय योजना पर प्रकाश डाला। विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाध्यापक सलीम जावेद ने स्कूल की उपलब्धियां साझा कीं। शत-प्रतिशत उपस्थिति और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। सक्रिय अभिभावकों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने विद्यालय प्रांगण में पौधरोपण भी किया।

### 1100 रुपए की उधारी के लिए किराना व्यापारी की हत्या

**नकाबपोश बदमाशों ने मारी गोली, तमंचा और कारतूस बरामद; 4 फरार**

बुलंदशहर, सिकंदराबाद में जेवर रोड पर किराना व्यापारी सुरेश चंद्र पर हुए गोलीकांड में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। घटना एक सप्ताह पहले की है। जेवर तिराहे पर स्कूटी और बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने व्यापारी को गोली मार दी थी। सीओ पूर्णिमा सिंह के अनुसार, पीड़ित के भाई की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने बीती रात आरोपी नितिन पुत्र संजीव, निवासी जोली को गिरफ्तार किया। पूछताछ में नितिन ने खुलासा किया कि वह और उसके चार साथी इस वारदात में शामिल थे। घटना का कारण मामूली था। व्यापारी सुरेश चंद्र ने नितिन के साथी सुमित से 1100 रुपए की उधारी मांगी थी। इससे नाराज होकर सुमित ने अपने साथियों के साथ मिलकर व्यापारी पर हमला करने की योजना बनाई। पुलिस ने आरोपी नितिन से एक तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### खेत जा रहे लोगों पर फायरिंग

**13 लोगों ने किया हमला, तीन घायल; पिस्टल तस्करी का आरोपी भी शामिल**

बुलंदशहर, अनूपशहर कोतवाली क्षेत्र के मलकपुर गांव में पुरानी रंजिश ने हिंसक रूप ले लिया। कलुआ और उनके भाई फईम खेत की तरफ जा रहे थे। इस दौरान गांव के बड़ के नीचे 13 लोगों ने उन्हें घेर लिया। इसरार, रिजवान, इमरान, मुज्जमिल, शाहरुख समेत अन्य लोगों ने कलुआ और फईम पर हमला कर दिया।

# वकील को गोली मारने का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**तालाब पर कब्जे के विवाद में किया था हमला, बनारस-कानपुर हाईवे से पकड़ा**

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज, मऊ आइमा में अधिवक्ता मान सिंह यादव पर जानलेवा हमला करने वाले मुख्य आरोपी अनिल यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



पुलिस ने उसे जूड़ापुर दांदू गांव के पास बनारस-कानपुर हाईवे से पकड़ा। आरोपी के पास से एक तमंचा और कारतूस बरामद किए गए हैं। इस मामले में दो अन्य आरोपी पहले ही गिरफ्तार होकर जेल जा चुके हैं। पीड़ित अधिवक्ता के भाई ने पुलिस को दी शिकायत में अनिल यादव को मुख्य आरोपी बताया था। एडिशनल डीसीपी पुष्कर वर्मा के अनुसार, वारदात के बाद से पुलिस की कई टीमें आरोपी की तलाश में जुटी थीं। पुलिस को सूचना मिली कि अनिल यादव जूड़ापुरदांदू में छिपा हुआ है। इस सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर उसे पकड़ लिया। पुलिस के मुताबिक वारदात का कारण सरकारी तालाब पर कब्जे का विवाद था। आरोपी अब कानूनी कार्रवाई के बाद जेल भेजा जाएगा।

## कूड़ा कलेक्शन की दी गई ट्रेनिंग

**नगर आयुक्त दीपशिखा पांडे बोलीं- आदर्श वार्ड का निर्माण सभी की सामूहिक जिम्मेदारी**

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज, नगर निगम की नई बिल्डिंग में आज एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सहायक नगर आयुक्त दीपशिखा पांडे के नेतृत्व में यह कार्यक्रम डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण से जुड़े कर्मचारियों के लिए था। श्रृष्टि वेस्ट मैनेजमेंट सर्विस की आईईसी टीम ने प्रशिक्षण का संचालन किया। कर्मचारियों को कूड़ा संग्रहण की सही विधि और स्रोत पर कचरा पृथक्करण की जानकारी दी गई। साथ ही समयबद्ध गाड़ी संचालन के बारे में भी बताया गया। प्रशिक्षण में कचरे के वर्गीकरण पर विशेष ध्यान दिया गया। नीले डस्टबिन में सूखा कचरा, हरे में गीला कचरा, लाल में मेडिकल कचरा और काले डस्टबिन में ई-वेस्ट व हानिकारक कचरा डालने की जानकारी दी गई। कर्मचारियों को निर्धारित ड्रेस कोड और डस्टबिन की स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए।

# प्रयागराज में लगा ब्लड डोनेशन कैंप

**65 लोगों किया रक्तदान, सेना के काम आएगा**

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज, करैली स्थित नाज ब्लड बैंक ने भारतीय सेना के लिए एक विशेष रक्तदान पंजीकरण शिविर का आयोजन किया। भारत-पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए यह पहल की गई है। डॉ. नाज फात्मा के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में 65 स्वयंसेवकों ने रक्तदान के लिए पंजीकरण कराया। डॉ. फात्मा ने कहा कि सरहद पर तैनात सैनिकों की मदद करना हमारा कर्तव्य है। यह प्रयागराज में सेना के लिए समर्पित पहला ऐसा आयोजन है। कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। इनमें प्रयाग ग्रुप ऑफ होटल्स के एमडी रौनक गुप्ता, सिविल डिफेंस प्रयागराज के डिवीजनल ऑफिसर, नीति आयोग के एडवाइजरी बोर्ड सदस्य, इंडियन रेलवे के प्रोजेक्ट डायरेक्टर और सारथी फाउंडेशन के प्रतिनिधि शामिल थे। डॉ. विश्वदीप केसरवानी, डॉ. जमशेद अली, डॉ. नावेद शेख, डॉ. तारिक और एमडी अमित यादव ने अतिथियों का स्वागत फूलों के गुलदस्ते और शॉल से किया। इस अवसर पर कहा गया कि देशप्रेम का प्रदर्शन सिर्फ सीमा पर ही नहीं, बल्कि हर नागरिक को अपने स्तर पर करना चाहिए।




# फर्जी अधिकारी बनकर वसूली, दो गिरफ्तार

**पुलिस लिखी बुलेट से घूमते थे, फाइनेंस वाली गाड़ियों के मालिकों से करते थे वसूली**

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, गुलावठी पुलिस ने दो शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर लोगों से अवैध वसूली करते थे। सीओ पूर्णिमा सिंह के अनुसार, आरोपी भानू प्रताप और सरजू एक विशेष ऐप के जरिए फाइनेंस की गई गाड़ियों की जानकारी जुटाते थे। फिर उन वाहन मालिकों को रास्ते में रोककर धमकाते और पैसे वसूलते थे। देवली के नाग देवता मंदिर के पास और 25 अप्रैल को कुरली गांव में इन्होंने बाइक सवारों से 2200 रुपये की वसूली की थी। पुलिस ने दोनों से 2650 रुपये, एक अवैध तमंचा, कारतूस और पुलिस लिखी बुलेट बाइक बरामद की है। गैंगस्टर की हो चुकी कार्रवाई भानू प्रताप पर गैंगस्टर एक्ट के तहत पहले भी कार्रवाई हो चुकी है। उस पर गुलावठी कोतवाली में 8 मुकदमे दर्ज हैं। वहीं सरजू पर 4 मुकदमे दर्ज हैं। दोनों चोरी और झगड़ों के मामलों में कई बार जेल जा चुके हैं। अन्य आरोपियों की तलाश पुलिस के मुताबिक, इस गिरोह में और भी सदस्य शामिल हैं जो मिलकर लोगों को धमकाकर अवैध वसूली करते हैं।

# बेटे के सामने पत्नी की अंगुलियां-गला काटा

**15 मिनट लाश के पास टहलता रहा, सास से बोला- मारकर फेंक दिया, अब थाने जाऊंगा**

अमन लेखनी समाचार

बागपत, पत्नी की चाकू से गला काटकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद आरोपी पति करीब 15 मिनट शव के पास टहलता रहा। फिर उसने अपनी सास को फोन किया। बोला- इतना कमजोर नहीं हूं, मारकर फेंक दिया है। अब थाने जाऊंगा। जिस दिन इससे शादी हुई थी, उसी दिन कह दिया था मेरे सिवा किसी और से बात मत करना। जिस दिन तुझे गलत देख लूंगा, जान से मार दूंगा। जो मुझे सजा होनी है हो जाए, मैं पीछे नहीं हटूंगा। मुझे ये बर्दाश्त नहीं था, मेरे होते हुए ये किसी और से बात कर रही थी। पति ने अपने 4 साल के बच्चे के सामने उसकी मां की हत्या की है। आरोपी पति का एक वीडियो सामने आया है, जो किसी ने छत से बनाया है। आरोपी टहलते हुए अपनी मां से बात कर रहा था और धमकी दे रहा था। दोनों की लव मैरिज थी। 8 साल पहले हुई थी



लव मैरिज शहर कोतवाली में ठाकुरद्वारा मोहल्ला निवासी प्रशांत (30) ऑटो ड्राइवर है। 28 साल की नेहा से उसने 8 साल पहले लव मैरिज की थी। नेहा सहारनपुर की रहने वाली थी। शादी के बाद एक लड़का भी हुआ। शादी से पहले नेहा ब्यूटी पॉर्लर चलाती थी। बागपत में वो किराए के मकान में अपनी सास, बेटे और पति के साथ रह रही थी। इन दिनों वह एक फैक्ट्री में काम कर रही थी। प्रशांत को शक था कि नेहा का किसी और से अफेयर हो गया है। अक्सर दोनों में इस बात को लेकर झगड़ा होता था। आए दिन के झगड़े से तंग आकर नेहा ठाकुरद्वारा में ही अपनी मां रंजीता के साथ किराए के मकान में रह रही थी। प्रशांत ने नेहा की अंगुलियां काट डालीं बुधवार की सुबह नेहा अपने मां रंजीता के पास मौजूद थी, तभी वहां प्रशांत आ गया। उस वक्त नेहा घर में अकेली थी। मां रंजीता मार्केट गई थीं। नेहा और प्रशांत में अवैध संबंधों को लेकर विवाद होने लगा। तभी प्रशांत ने एक बड़े चाकू से नेहा पर हमला कर दिया। चाकू वह अपने साथ लाया था। नेहा ने बचने के लिए संघर्ष भी किया लेकिन, प्रशांत पर ऐसी सनक थी कि हमले में नेहा के हाथों की अंगुलियां तक काट दीं। फिर गर्दन पर चाकू चला दिया। इससे नेहा की तड़प-तड़पकर मौत हो गई। प्रशांत ने पहले पूजा के हाथ पर चाकू मारा पड़ोस में रहने वाले संतोष ने बताया, सुबह से ही प्रशांत के घर से चिल्लाने की आवाजें आ रही थीं।

# पाकिस्तान पर भारतीय हमले का बागपत में उत्साह

**गुरुकुल के छात्रों और आचार्यों ने तिरंगा फहराकर मनाया जश्न, हिंदुस्तान जिंदाबाद के लगाए नारे**

अमन लेखनी समाचार

बागपत, बड़ौत शहर स्थित पंचमुखी मंदिर गुरुकुल में भारतीय सेना की कार्रवाई का जश्न मनाया गया। गुरुकुल के छात्रों और आचार्यों ने तिरंगा फहराया। उन्होंने हिंदुस्तान जिंदाबाद और भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाए। भारतीय सेना ने पाकिस्तान में 9 आतंकी ठिकानों पर हमला किया। यह कार्रवाई पहलगाम हमले के जवाब में की गई। गुरुकुल के छात्रों ने कहा कि उन्हें भारतीय सेना पर गर्व है। सेना ने पाकिस्तान में छिपे आतंकियों को सबक सिखाया है। आश्रम के छात्रों का मानना है कि इस कार्रवाई के बाद कोई भी आतंकी भारत में हमला करने या घुसने की हिम्मत नहीं करेगा। पूरे देश में इस सैन्य कार्रवाई का समर्थन हो रहा है।



# अपहरण में आरोपी बनाए गए युवक की मौत

- 2 मई को गायब हुई थी बीए की छात्रा, परिजनों का हंगामा, हत्या का आरोप

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, औरंगाबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला सिप्टनगढ़ी के जंगल में एक युवक का शव पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका मिला। मृतक दो मई को एक बीए छात्रा के अपहरण मामले में आरोपी था। फॉरेंसिक टीम जब शव को उतारने पहुंची तो परिजनों ने करीब आधे घंटे तक विरोध किया। इसके बाद पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल ले गई। दो मई को एक बीए छात्रा का परीक्षा देने जाते समय अपहरण हुआ था। छात्रा के परिजनों ने गांव के ही एक युवक के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। मृतक के परिजनों के अनुसार मंगलवार रात थाना पुलिस युवक की तलाश में उनके घर आई थी। मां ने की सुसाइड की कोशिश घटना की सूचना पर मृतक की मां अन्य महिलाओं के साथ मौके पर पहुंची। बेटे का शव फांसी पर लटका देख उन्होंने चुन्नी से आत्महत्या का प्रयास किया। मौजूद महिलाओं ने उन्हें बचाया और शव से दूर ले गईं। मृतक के परिजनों का आरोप है कि युवक का अपहरण कर हत्या की गई।



# 3 इनामी बदमाशों का एनकाउंटर

**पुलिस ने पैर में मारी गोली, मवाना में सरकारी शराब दुकान के सेल्समैन से की थी लूट**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में 25-25 हजार रुपयों के 3 इनामी हिस्ट्रीशीटरों सहित उनके 2 अन्य साथियों को पुलिस ने अरेस्ट किया है। जिसमें 3 बदमाशों के पैर में गोली लगी है। घायलों को रात ही सीएचसी मवाना में इलाज के लिए भेजा गया। इन बदमाशों ने सरकारी शराब की दुकान के सेल्समैन से लूट की थी। सभी आरोपी अर्न्तराज्यीय गिरोह से ताल्लुक रखते हैं। लूट, हत्या जैसी वारदात पहले भी कर चुके हैं। इनके कब्जे से 4 तमंचे, कारतूस, खोखा और कार बरामद हुई है। एसपी देहात राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि मवाना मिल रोड पर शराब की दुकान पर सेल्समैन अशोक कुमार के साथ मारपीट कर लूट की घटना हुई थी। इसे हिस्ट्रीशीटर, लुटेरों ने अंजाम दिया था। इस मामले में अंकित, रजनीश, विनीत और शिवम उर्फ गोलू पर मुकदमा लिखा गया था। इसमें रजनीश मवाना थाना, विनीत किठौर, शिवम फलावदा थाने का हिस्ट्रीशीटर है। वहीं अंकित पहले भी मारपीट के अपराध में जेल जा चुका है। रजनीश, विनीत और शिवम तीनों सिविल लाइन थाने पर 25-25 हजार के इनामी हैं। रजनीश पर 8, अंकित पर 7, शिवम पर 13 और विनीत पर 14 मुकदमे दर्ज हैं। रजनीश, विनीत और शिवम तीनों 25-25 हजार रुपयों के इनामी है। अशोक कुमार जो गाजियाबाद का रहने वाला है। उसने तहरीर दी थी कि वो मेरठ मवाना में मिल रोड पर सरकारी शराब की दुकान में सेल्समैन है। 4 मई को रात 10 बजे अशोक अपनी दुकान बंद करके घर जा रहा था। तभी सफेद कार पर सवार कुछ युवक दुकान पर आए। जबरन दुकान खोलकर शराब देने को कहने लगे। जब मना किया तो इन्होंने अशोक के साथ मारपीट कर दी। मारपीट कर जबरन दुकान खुलवाकर दो बोतल शराब, एक पेटी बियर जबरन लेकर गए और पैसे भी नहीं दिए। अशोक की शिकायत र अंकित, रजनीश, विनीत और शिवम पर मुकदमा दर्ज किया गया था। सीओ मवाना और थाना पुलिस मिलकर मंगलवार को चैकिंग कर रहे थे। तभी तिगरीकट मुबारिकपुर मोड के पास कार से पांच लोग पुलिस की नजरों से बचकर भागते दिखे। पुलिस ने चेकिंग के लिए रोका तो ये रुके नहीं। बल्कि पुलिस पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया।



# दुकान में लटकी मिली चीनी व्यापारी की लाश

**सुसाइड नोट में लिखा- कापी में इतने रुपए कि सारा खर्च खत्म हो जाएगा**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मवाना में चीनी व्यापारी की लाश दुकान के अंदर लटकी मिली है। लोगों ने दुकान के अंदर व्यापारी की डेडबॉडी लटकी देखी तो हड़कंप मच गया। दुकान में एक सुसाइड नोट मिला- जिसमें लिखा था- कापी में इतने रुपए कि सारा खर्च खत्म हो जाएगा। मेरे किए पर मुझे कोई पछतावा नहीं है। हो सके तो मुझे माफ करना। व्यापारी का नाम हरिओम पुत्र प्रीतम सिंह है। जिसकी उम्र 50 साल है। हरिओम मवाना के काबलीगेट मोहल्ले का रहने वाला था। उसकी हस्तिनापुर रोड पर चीनी की थोक की दुकान है। दुकान के अंदर ही एक छोटी सी चिट्ठी मिली है। चिट्ठी को एक जगह बांधकर रखा गया है। इस पर लिखा था- जय श्रीराम इन कापी में इतने रुपए हैं कि मेरा सारा खर्च खत्म हो जाएगा। मेरे करे पर मुझे कोई पछतावा नहीं है। हो सके तो माफ कर देना।



# तेज रफ्तार डीसीएम डंपर में घुसी

**केबिन में फंसा चालक-परिचालक का शव, जेसीबी और हाइड्रा से निकाले गए**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, माल थाना क्षेत्र में आउटर रिंग रोड पर डीसीएम और डंपर की टक्कर हो गई। हादसे में डीसीएम के चालक और परिचालक की मौत हो गई। घटना ग्राम रैथा के पास हुई। आउटर रिंग रोड पर डंपर जा रहा था। तेज रफ्तार डीसीएम उसमें पीछे से घुस गई। डीसीएम का केबिन क्षतिग्रस्त होकर बॉडी से चिपक गया। चालक-परिचालक उसमें फंस गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें निकालने की कोशिश की। केबिन में फंसे चालक-परिचालकों को निकालने के लिए पुलिस ने दमकल कर्मियों को बुलाया। जेसीबी और हाइड्रा की मदद से केबिन तोड़ा गया। उसके बाद दोनों को निकालकर बीकेटी के अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। माल पुलिस के मुताबिक, डीसीएम में मौजूद दोनों मृतकों की शिनाख्त हो गई है। बताया जा रहा है कि एक चालक और दूसरा परिचालक था। एक गौतमबुद्ध नगर के जारचा करौदा निवासी लियाकत का बेटा नाजिम (32) और दूसरा जुल्फिकार का बेटा वसीम (34) है। दोनों के परिजनों को सूचना दे दी गई। घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।



# मकान मालिक ने किराएदारों को पीटा

- ग्रेटर नोएडा में किरायेदार परिवार को फ्लैट में किया बंद, पुलिस ने कराया मुक्त

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, ग्रेटर नोएडा के गौर यमुना सिटी सोसायटी में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। मकान मालिक ने किराया न मिलने पर किरायेदार परिवार को फ्लैट में बंद कर दिया। यशप्रीत कौर नाम की महिला अपने परिवार के साथ इस सोसायटी में किराए पर रहती हैं। मकान मालिक ने फ्लैट के गेट पर बाहर से ताला लगा दिया। इससे महिला और उनका परिवार अंदर फंस गए। पीड़ित ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मकान मालिक को बुलाया और ताला खुलवाया। यशप्रीत का कहना है कि मकान मालिक से समझौता हुआ था। इसके तहत 15 दिनों में बकाया किराया और बिजली का बिल देकर फ्लैट खाली करना था। लेकिन मकान मालिक ने उन्हें प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। रविवार शाम को मकान मालिक और उनकी पत्नी ने घर आकर धमकियां दीं। गौर सिटी चौकी इंचार्ज आशीष सिंह ने बताया कि किरायेदार ने 112 पर कॉल करके घटना की सूचना दी थी। हालांकि अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। पुलिस मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करेगी।



# राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियंका मौर्या का दो दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम 14 मई को



राज्य महिला आयोग सदस्य प्रियंका मौर्या

अमन लेखनी समाचार

अमेठी सदस्य उ0प्र0 राज्य महिला आयोग, प्रियंका मौर्या का दो दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम 14 व 15 मई 2025 को प्रस्तावित है, जिसके तहत मा0 सदस्य द्वारा 14 मई को महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा आवेदक/आवेदिका की सुगमता की दृष्टि से महिला उत्पीड़न मामलों की समीक्षा, महिला जनसुनवाई प्रात प्रातः 11 बजे से निरीक्षण भवन गौरीगंज में करेंगी, तत्पश्चात 1:30 बजे महिला जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगी, अपराह्न 3:00 बजे से कस्तूरबा गांधी विद्यालय एवं वृद्धाश्रम का निरीक्षण करेंगी, दिनांक 15 मई 2025 को जिला अस्पताल व आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करेंगी।

# 'बेटी के नाम करो सारी प्रॉपर्टी': दुल्हन के पिता ने फेरे से पहले रखी अजीब मांग

## मंडप से लौटी बारात, 4 महीने पहले तय हुई थी शादी

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर यह बात मंडप में फेरे से पहले दुल्हन के पिता ने दूल्हे के पिता से कही। ऐसे नहीं होता है, पहले तो आपने ऐसा कुछ नहीं बताया था... जवाब में दूल्हे के पिता ने अपना पक्ष रखा। बात हो ही रही थी कि कुछ लोगों ने दखल देना शुरू किया। बहस इतनी बढ़ गई कि शादी ही टूट गई।

यह वाकया हुआ उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले में। आधी रात में दुल्हन मंडप से लौट गई और दूल्हे को भी अपनी बारात लेकर लौटना पड़ा। हालांकि दुल्हन के भाई का कहना था कि लड़की पक्ष के लिए खाने की अलग से व्यवस्था नहीं की गई। कहने के बाद भी लड़के पक्ष ने कोई कदर नहीं की। शिकायत करने पर बात बढ़ी और शादी





टूटने तक बात पहुंच गई।सुलतानपुर के बंधुआ कला क्षेत्र में गुरुवार को एक मैरिज लॉन में शादी थी। दुल्हन पक्ष, दूल्हा पक्ष और सभी मेहमान मैरिज लॉन में पहुंचे। शादी की तैयारियां चल रही थीं। कुछ देर में फेरे होने वाले थे और खाने की तैयारी चल रही थी। इससे पहले ही, दुल्हन के पिता ने दूल्हे के पिता से अपनी सारी संपत्ति बेटी के नाम करने की मांग रख दी।

### शादी तोड़ मंडप से लौटी दुल्हन

लड़की पक्ष की यह मांग सुनते ही दूल्हे के पिता के पैरों तले जमीन खिसक गई। दूल्हे के पिता ने इस मांग को मानने में असमर्थता जताई तो दुल्हन पक्ष के लोग विवाद करने लगे। दूल्हा पक्ष ने काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन दुल्हन के पिता नहीं माने। अंत में लड़की पक्ष ने शादी तोड़ दी और दुल्हन को लेकर वापस चले गए।

### 4 महीने पहले तय हुई थी शादी

लड़की के पिता का कहना है कि मैरिज हाल में पहुंचने पर लड़के पक्ष ने सही से नाश्ता नहीं दिया। वहीं, लड़के पक्ष का कहना है कि नाश्ते की बात झूठी है। उनकी मंशा प्रॉपर्टी को लड़की के नाम कराना था। यह शादी करीब 4 से 6 महीना पहले तय हुई थी।

### बिना भोजन के लौटे मेहमान

लड़की पक्ष के लौटने के बाद से विवाह समारोह में आए मेहमान भी बिना भोजन किए ही चले गए। परिजनों ने अभी तक थाने में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

# आपात स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग की तैयारी

## जिला अस्पताल में 10 वेंटिलेटर बेड तैयार, डॉक्टरों की छुट्टियां रद्द



सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह अमेठी



अमन लेखनी समाचार

भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के मद्देनजर अमेठी जिले का स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत विभाग ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।जिले के सभी अस्पतालों में कार्यरत डॉक्टरों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। छुट्टी पर गए डॉक्टरों को तुरंत वापस बुलाया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने सभी चिकित्सकों को जिला मुख्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।जिला अस्पताल में विशेष इंतजाम आपात स्थिति से निपटने के लिए जिला अस्पताल में विशेष इंतजाम किए गए हैं। गंभीर मरीजों के लिए 10 वेंटिलेटर बेड तैयार रखे गए हैं। इससे मरीजों को तत्काल उपचार मिल सकेगा। सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग हर स्थिति से निपटने को तैयार है। आपात स्थिति में चिकित्सा सेवाएं बिना किसी बाधा के उपलब्ध कराई जाएंगी।

# महाराणा प्रताप जयंती पर निकल रही शोभायात्रा पर जमकर बवाल

## जमकर हुई पत्थर बाजी, बाबा साहब की प्रतिमा खण्डित

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर।महाराणा प्रताप की जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा पर अचानक बवाल हो गया और जमकर पत्थर बाजी हुई जिसमें कुछ लोगों को चोंटे आईं हैं जिनका सरकारी अस्पताल में इलाज किया जा रहा है इतना ही नहीं उपद्रव में बाबा साहब की प्रतिमा भी खण्डित कर दी गई है जिससे लोगों में जमकर आक्रोश है।हालांकि मामले की गंभीरता को देखते हुए गांव में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिजवाही में उस समय माहौल खराब हो गया जब महाराणा प्रताप की जयंती के मौके पर निकल रही शोभायात्रा में अचानक बवाल हो गया और देखते ही देखते दोनों ओर से जमकर पथराव शुरू हो गया और जमकर पत्थर, लाठी डंडे, बल्लम चल गई जिससे कई लोगों को चोंटे आ गई जिन्हें तीन एम्बुलेंस के माध्यम से कस्बे के सरकारी अस्पताल भेजा गया है जहां पर सभी घायलों का इलाज किया जा रहा है।

इतना ही नहीं विवाद इतना बढ़ गया कि कुछ लोगों ने पास लगी बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा खण्डित कर दी और प्रतिमा के आसपास लगे झण्डे उखाड़ कर फेंक दिए।कोतवाली पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए गांव में पुलिस तैनात कर दी है और लोगों को कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

सिसोलर थाना क्षेत्र के चांदीकला निवासी सौरभ सिंह, शनि सिंह उर्फ सार्थक, रामजी, रामू सिंह आदि ने महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर एक शोभायात्रा निकाली थी जो गुसियारी, टिकरी, कपसा होकर सिजवाही गांव पहुंची थी और गांव दर गांव पहुंचने के साथ ही लोगों की संख्या जिनमें अधिकांश क्षत्रिय समाज से थे बढती जा रही थी।शोभायात्रा जब ठाकुर बाहुल्य गांव सिजवाही पहुंची तो किसी बात को लेकर दलित समाज के लोगों से विवाद हो गया और विवाद इतना बढ़ गया कि देखते ही देखते पत्थर, लाठी डंडे आदि चलने लगे।और इसी पत्थरबाजी में कुछ लोगों ने बाबा साहब की प्रतिमा खण्डित कर दी जिसके बाद अब इस मामले में राजनीति भी शुरू हो गई है।दलित समाज के लोगों का आरोप है कि उक्त लोगों के अलावा विकास, शिवम सिंह, बरमदास,रवि सिंह, गोलू अरख,संदीप चांदीकला सहित लगभग आधा सैकड़ा से अधिक ठाकुरों ने शोभायात्रा के बहाने उनपर हमला कर दिया और बाबा साहब की प्रतिमा खण्डित कर दी।जबकि दूसरे पक्ष के लोगों ने बताया कि घंटी नाम की महिला, सुरेश पुत्र मईयादीन,मईयादीन पुत्र दुर्गा, सुरेश, इंदल,मातादीन, स्वामीदीन और फुलुवा आदि ने विवाद की शुरूआत की है और इन्हीं लोगों ने पत्थर बाजी की है इतना ही नहीं इन्हीं लोगों ने ही प्रतिमा भी खण्डित की है।जिसमें मुरली (70)पुत्र मर्दन,मईयादीन(70)पुत्र दुर्गा, कुसुम कली(50) पत्नी राम आसरे, लीला(65)मुल्ली को गंभीर चोंटे आईं हैं।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने दोनों पक्षों को कोतवाली बुलाकर तहरीर देने के लिए कहा है जबकि गांव में एहतियात के तौर पर पुलिस बल तैनात कर दी गई है और अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार गुप्ता, उपजिलाधिकारी राज कुमार गुप्ता, क्षेत्राधिकारी विनीता पहल,नायब तहसीलदार महेंद्र गुप्ता, कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह भारी संख्या में पुलिस बल के साथ मौजूद हैं।जबकि उक्त मामले में अब जमकर राजनीति भी हो रही है और आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को लेकर भी गुप्त राजनीति शुरू हो गई है।

# संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पर धूमधाम से मनाया गया डॉ. संदीप का जन्मदिवस

अमन लेखनी समाचार

झाँसी। जनपद के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ० संदीप सरावगी के जन्मदिवस के अवसर पर संघर्ष सेवा समिति के तत्वाधान में एस.एम. टावर, झोकन बाग स्थित कार्यालय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और संध्याभोज का कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ० संदीप के समाजसेवी कार्यों से संघर्ष सेवा समिति नित नए आयाम को छू रही है एवं समिति परिवार व्यापकता ग्रहण करता जा रहा है। डॉ० संदीप बिना किसी से आर्थिक सहायता लिए कई वर्षों से लगातार अपनी दम पर समाजसेवा का कार्य कर रहे हैं। अब तक वह सैकड़ो कन्याओं के विवाह में सहयोग कर चुके हैं साथ ही में शिक्षा, चिकित्सा, खेल क्षेत्र में भी लगातार धरातल स्तर पर कार्य कर रहे हैं। सुबह से ही डॉ० संदीप को जन्मदिवस की शुभकामनायें देने के लिए गणमान्य नागरिकों, मित्रों, संगठन के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों का तांता लगा



रहा एवं जनपद में शुभचिंतकों द्वारा कई स्थानों पर होर्डिंग लगवाकर भी शुभकामनाएं दी गयीं। कई जगह डॉ० संदीप को जन्मदिवस पर केक काटने के लिए आमंत्रित किया गया, कार्यक्रम में शुभचिंतकों ने केक काटकर जन्मदिवस की खुशियां मनायीं। डॉ० संदीप एवं सदर विधायक पंडित रवि शर्मा एवं उपस्थित अन्य अतिथियों के कर कमलों से सैकड़ों की संख्या में वृद्ध आश्रम की माताओं एवं संघर्ष सेवा समिति की महिला सदस्यों को साड़ियां वितरित की गयीं। वृद्ध माताओं द्वारा डॉक्टर संदीप को दीघार्यु एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। सदर विधायक रवि शर्मा ने डॉक्टर संदीप के समाजसेवी कार्यों की खुलकर सराहना करते हुए जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं। देर शाम तक शुभचिंतकों का आवागमन बना रहा। इस अवसर पर मुख्य रूप से संतराम पेंटर, धर्मेंद्र गुर्जर, नितिन सरावगी, झाँसी मेयर बिहारी लाल आर्य की पुत्री भारती आर्य एवं दामाद गौरव प्रतीक, भूपेंद्र यादव, प्रीतम सिंह प्रेमी, जितेंद्र जीतू सोनी (अध्यक्ष व्यापार मंडल), प्रकाश नौगरैया (श्री गहोई समाज संरक्षक), रमेश गैस वाले (पंच), संजू डेंगरे, विशाल मैथले, टिल्लू गोस्वामी, अभिनंदन जैन (ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन अध्यक्ष), प्रदीप गुप्ता रानीपुर, अनूप खरे ओरछा, राज कपूर यादव, चेतन मसीह, मीना मसीह, भावभावना अग्रवाल, सचिन दुबे ललितपुर, सोनू ठाकुर ललितपुर, अमित सर जी, रज्जू, रामअवतार राय, प्रवेश यादव, श्रीमती मंजू श्याम बिहारी गुप्ता, पुत्र चिन्मय गुप्ता, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद समस्त परिवार, सपना सरावगी, ऐश्वर्या सरावगी, सिद्धि सरावगी, कोमल गुप्ता लखनऊ संघ, अख्तर गुजरात, श्रीमती समीरा कनाडा, सतनाम सिंह काके, सरित राय, अतुल मिश्रा, बल्ले अग्रवाल, अमित, संजय रेजा, मनोज रेजा, रीना अधिकार, राजीव, राधे श्याम नीखरा, संदीप नामदेव, सुशांत गुप्ता, राजू सेन, बसंत गुप्ता, अरुण पांचाल, दीक्षा साहू, आशीष विश्वकर्मा, राकेश अहिरवार, महेंद्र रायकवार, नीलू रायकवार, मास्टर मुन्नालाल, कुसुम साहू, सूरज वर्मा, प्रमेन्द्र सिंह, आनंद चौहान, उत्कर्ष यादव, अनीता सिंह, नेहा चौबे, रणवीर यादव, देवेंद्र सेन, भावना रजक, कमल मेहता आदि सैकड़ो की संख्या में शुभचिंतक उपस्थित रहे।

# गृहक्लेश के चलते युवक ने खाया सल्फास, मौत

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर।बीते आठ साल से कस्बे में रह रहे युवक ने घरेलू कलह के चलते सल्फास खा लिया जिसे गंभीर हालत में पडोसियों द्वारा इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां से युवक को गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया था जहां पर इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। कदौरा निवासी राजा (25)पुत्र शकील अहमद लम्बे समय से मौदहा कस्बे में रहकर हेयर कटिंग का काम करता था और पत्नी से विवाद को आत्महत्या के कारण के रूप में देखा जा रहा है मृतक अपने पीछे पत्नी और तीन साल की बेटी को रोता बिलखता छोड गया है।

# सड़क हादसे में पूर्व प्रधान गंभीर ,रेफर

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर।किसी काम से इंगोहटा जा रहे पूर्व प्रधान सडक सडक हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए।जिन्हें इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां से गंभीर चोंटों के चलते प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पढोरी निवासी पूर्व ग्राम प्रधान श्यामबाबू (59)पुत्र दरबारी बाईक से किसी काम से इंगोहटा जा रहा था तभी नेशनल हाईवे पर मंकराव के निकट किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे श्यामबाबू गंभीर रूप से घायल हो गए।जिन्हें राहगीरों द्वारा इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है फिलहाल ग्राम पूर्व प्रधान को गंभीर चोंटे बताई जा रही हैं।

# मनुष्य का जीवन भी तास के पत्तों की भांति होता है : जिला मंत्री राजेश तिवारी

## कभी एक्का तो कभी बादशाह तो गुलाम बनता है मानव जीवन। कभी सत्ता तो कभी अट्ठा तो कभी नहला कहलाता है यह मानव जीवन।

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज।मनुष्य का जीवन भी ताश के पत्तों की भांति होता है यह अभिव्यक्ति एशोसिएशन बोरिंग टेक्नीशियन प्रयागराज के जिला मंत्री राजेश तिवारी ने नवयुवक समाजसेवी फूल चन्द्र यादव से उनके निज ग्राम पंचायत दलई का पूरा रामनगर मेजा प्रयागराज में कही।खबरी के खबर का स्पष्टीकरण है कि जिला मंत्री एवं नवयुवक समाजसेवी श्री यादव के बीच बचपन से ही बहुत घनिष्ठतम पारिवारिक एवं मैत्रिक सम्बन्ध हैं।जिला मंत्री का स्नेह अपने मित्रों एवं प्रियजनों के बीच ऐसा है कि सूर्य तो हो सके पश्चिम के बजाय किसी अन्य दिशा



में डूब जाए परन्तु जिला मंत्री के मित्रों एवं प्रियजनों के बीच का सम्बन्ध एक अटूट रिश्ता है जिसे इस दुनिया में कोई चाहकर भी कभी तुड़वा नही सकता।जिला मंत्री अपने मित्रों एवं प्रियजनों से ऐसा प्रेम व्यवहार रखते हैं।आपसी सौहार्दपूर्ण साहित्यिक परिचर्चा के दौरान जिला मंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि मनुष्य का जीवन भी ताश के पत्तों की भांति होता है क्योंकि मनुष्य अपने कर्मों से कभी एक्का तो कभी बादशाह तो कभी गुलाम की अनुभूति करता है।जब मनुष्य किसी कर्म से विचलित होता है तो अपने आप को अकेला पाता है जो ताश के एक्का का स्वरुप है और कभी मनुष्य अपने कर्म से सफलता पाता है तो ताश के बादशाह का स्वरुप है और इसी प्रकार जब अपने जन पर आए कष्टों का निवारण में अपनी पूरी सम्पत्ति लगा देता तो ताश के गुलाम का स्वरुप है।जिला मंत्री ने आगे कहा कि मानव जीवन तभी सफल है जब प्रत्येक स्थिति में मनुष्य सत्य एवं न्याय पर तटस्थ रहे एवं दया,प्रेम,परोपकार एवं सहानुभूति से अलंकृत रहे।जिला मंत्री ने आगे अपने व्यक्तव्य में यह भी कहा कि कभी एक्का तो कभी बादशाह तो कभी गुलाम बनता है मानव जीवन,कभी सत्ता तो कभी अट्ठा तो कभी नहला कहलाता है यह मानव जीवन।इस अवसर पर उपस्थित आचार्य प्रकाशानन्द महराज ने कहा कि जिला मंत्री द्वारा मानव जीवन की उपमा को ताश के पत्ते में पिरोकर वास्तविकता के दर्पण में चित्रांकित किया गया है जो सार्वभौमिक सत्य है।

# हर्ष फायरिंग में युवक की जांघ में लगी गोली

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। तहसील क्षेत्र के बड़ी आबादी वाले गांव सिसोलर में तिलकोत्सव के दौरान की गई हर्ष फायरिंग से बैंड बजा रहा युवक घायल हो गया जिसका ईलाज एक बड़े शहर में कराया जा रहा है हालांकि थाना अध्यक्ष ने ऐसी किसी घटना के होने से इनकार किया है जबकि यह घटना गांव में चर्चा का विषय बनी हुई है। थाना क्षेत्र सिसोलर में गुरुवार की शाम एक प्रतिष्ठित परिवार में तिलक समारोह चल रहा था वहां मौजूद लोग खाने-पीने के अलावा बैंड की धुन में थिरक भी रहे थे इस उत्साह के माहौल में गांव के ही एक युवक ने खुशी जाहिर करते हुए तमंचे से हवाई फायर कर दिया जो सीधा वहां बैंड बजा रहे एक युवक के जांघ में लग गया। उक्त युवक लहू लुहान हालत में जमीन पर गिर पड़ा उसे आनन फानन नगर के एक निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर हालत में पड़ोसी शहर ले जाकर उसका इलाज गुप्त रूप से कराया जा रहा है। इस सम्बंध में थाना प्रभारी कल्पना सिंह ने बताया कि अभी तक ऐसे किसी मामले की जानकारी नहीं है और न ही कोई तहरीर आई है लेकिन अगर कोई मामला सामने आता है तो कार्यवाही की जाएगी जबकि गांव में यह घटना चर्चा का विषय बनी हुई है।

# किसानों की सुविधा के लिए साधन सहकारी भवन जर्जर

## न खिड़कियां बचीं न फर्श छत भी गिरने की कगार पर

अमन लेखनी समाचार

भेटुआ विकास खंड की न्याय पंचायत भेटुआ में स्थित साधन सहकारी समिति का भवन आज तरह से जर्जर हो चुका है। यह भवन क्षेत्र के किसानों के लिए उर्वरक और बीज प्राप्त करने का एकमात्र केंद्र था।



वर्तमान में भवन की स्थिति बेहद खराब है। इसकी खिड़कियां और फर्श पूरी तरह से नष्ट हो चुके हैं। छत भी किसी भी समय गिर सकती है। इस कारण पिछले पांच वर्षों से यह भवन पूरी तरह से बेकार पड़ा है।

समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार शुक्ल सदस्य प्रहलाद शुक्ल,अजय पाण्डेय, कालिका यादव सहित स्थानीय, संजय तिवारी, रमेश तिवारी, कृष्णा यादव, नंदलाल कोरी आदि ने बताया कि इस समिति से क्षेत्र के किसानों को उर्वरक और बीज आसानी से मिल जाता था। विभागीय उपेक्षा के कारण भवन की यह स्थिति हुई है। स्थानीय विधायक और सांसद भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। समिति के सचिव संत कुमार सिंह ने बताया कि भवन की खराब स्थिति के बारे में कई बार उच्चाधिकारियों को सूचित किया गया है। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। साधन सहकारी समिति भवन निष्प्रयोज्य होने से क्षेत्र के किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# 65 ग्राम स्मैक के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी तिलोई अजय कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में ह्लनशा मुक्त अमेठी अभियानह्व में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान ग्राम फूला की तरफ से आ रही बोलेरो गाड़ी संदिग्ध प्रतीत होने पर रोक कर नाम पता पूछा गया तो चालक ने अपना नाम सलमान उर्फ सन्ना पुत्र मुन्तजीर बोलेरो गाड़ी सं0 यूपी 41 एके 8277 के कागज मांगने पर दिखा न सका ।तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 40 ग्राम स्मैक एवं बोलेरो गाड़ी की तलाशी से 25 ग्राम स्मैक कुल 65 ग्राम स्मैक बरामद हुआ । बरामदगी एवं गिरफ्तारी के संबंध में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

# आपरेशन सिंदूर का गौरव कर्नल सोफिया का बुण्देलखण्ड से गहरा नाता

अमन लेखनी समाचार

### हमीरपुर में सोफिया की मौसी और मौसेरे भाई ने बताई सोफिया की कहानियां

हमीरपुर। 'ऑपरेशन सिंदूर' में अपनी भूमिका निभा रहीं भारतीय सेना की जांबाज अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के पराक्रम को देख बुंदेलखंडवासियों का सीना गर्व से चौड़ा हो गया है। हमीरपुर की रहने वालीं उनकी मौसी जन्नतुन खातून ने टीवी पर जब अपनी भांजी को दुश्मनों को करारा जवाब देते देखा, तो भावुक हो उठीं।85 वर्षीय जन्नतुन खातून ने कहा, 'जब सब कुछ साफ है कि पाकिस्तान की नीयत खराब है तो बार-बार एयर स्ट्राइक करने की बजाय एक ही बार में उसे मिटा देना चाहिए, ताकि पहलगाम जैसी हिमाकत दोबारा न हो सके।'

कर्नल सोफिया कुरैशी का बुंदेलखंड से गहरा नाता है। उनके परिवार की जड़ें हमीरपुर और झांसी में फैली हुई हैं। झांसी जिले के सदर बाजार स्थित भट्टागांव में उनकी चचेरी बहन शबाना रहती हैं, जबकि हमीरपुर के किंग रोड पर उनकी मौसी जन्नतुन खातून अपने बेटे-बहू के साथ निवास करती हैं।

जन्नतुन खातून बताती हैं कि उनकी बहन हलीमा की जुड़वां बेटियां हुई थीं - सोफिया और सायना। दोनों को उन्होंने अपनी गोद में खिलाया और बचपन से ही सोफिया में देशसेवा की झलक नजर आने लगी थी। पढ़ाई में अव्वल और अनुशासित स्वभाव की सोफिया को सेना में जाने की ललक बचपन से ही थी।

सोफिया की मां हलीमा की शादी मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के नौगवां में हुई थी, वहीं उनके पिता ताज मोहम्मद भी सेना में कार्यरत थे। घर का माहौल ही ऐसा था कि राष्ट्रसेवा का जज्बा सोफिया के भीतर गहराई तक समा गया। हमीरपुर स्थित उनके ननिहाल में जश्न का माहौल है। मौसी जन्नतुन की आंखों में गर्व के आंसू हैं तो बेटे मोहम्मद अशरफ, जो किंग रोड पर कपड़े की दुकान चलाते हैं, कहते हैं, 'सोफिया ने पूरे देश का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है, हमें नाज है कि वो हमारे परिवार का हिस्सा हैं।' 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए पाकिस्तान को घेरने वाली रणनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही कर्नल सोफिया कुरैशी को देखकर न सिर्फ परिवार बल्कि पूरे बुंदेलखंड को गर्व है। महिलाएं कह रही हैं कि आज की बेटियां हर मोर्चे पर दुश्मन को जवाब देने में सक्षम हैं।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स

# सबसे प्यारी-सबसे न्यारी मेरी मां





हर बच्चे को अपनी मां बहुत प्यारी होती है। बच्चे उनकी कुछ खास खूबियों की वजह से उन्हें दुनिया की बेस्ट मम्मी मानते हैं। बता रहे हैं कुछ टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट, अपनी मम्मी की ये खूबियां। साथ में यह भी बता रहे हैं कि इस बार मदर्स-डे पर उनकी क्या प्लानिंग है? वे अपनी मम्मी को क्या स्पेशल मैसेज देना चाहेंगे?

## मां मेरी सबसे अच्छी गुरु हैं: आन तिवारी



**सोनी सब** चैनल पर हाल ही में शुरू हुए पौराणिक धारावाहिक 'वीर हनुमान' में आन तिवारी बाल हनुमान की भूमिका निभा रहा है। अपनी भूमिका से उसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर लिया है। आन से यह पूछने पर कि उसकी मां की क्या विशेषता है, वह बताता है, 'मेरी मां में बहुत सारी विशेषताएं हैं, लेकिन सबसे बड़ी विशेषता की बात करूं तो वह है, उनका जबरदस्त आत्मविश्वास, कभी हार न मानना।' इस बार मदर्स-डे सेलिब्रेशन की प्लानिंग के बारे में आन बताता है, 'मेरी मां को गाने सुनना पसंद है और मुझे सिंगिंग। इसलिए मैं मम्मी के लिए एक गाने का रियाज कर रहा हूं, जो मदर्स-डे वाले दिन उन्हें गाकर सुनाऊंगा। जिसे सुनकर मम्मी बहुत खुश होंगी।' इस स्पेशल डे पर आन अपनी मां को क्या खास मैसेज देना चाहेगा, वह बताता है, 'मैं अपने परिवार से दूर रहकर अपनी मां के साथ 'वीर हनुमान' की शूटिंग कर रहा हूं। मां के साथ बिताए हर पल बहुत खास हैं। उनके साथ होने की वजह से ही मैं हर काम आसानी से कर पाता हूं। मैं अपनी मां से यही कहूंगा-आप मेरी सबसे अच्छी गुरु हैं।' *

## वह हमेशा दूसरों के लिए सोचती हैं: जारा वारसी



**एंड टीवी** के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में जारा वारसी हप्पू सिंह की छोटी बेटी चमची का रोल निभा रही है। उसने दर्शकों का दिल जीत रखा है। मदर्स-डे के अवसर पर यह पूछने पर कि वह अपनी मम्मी में क्या-क्या खूबियां देखती है? जारा बताती है, 'मेरी मम्मी की खास बात यह है कि वह अपने लिए नहीं, हमेशा दूसरों के लिए सोचती हैं। फैमिली में हर किसी का ख्याल रखती हैं। मेरी मम्मी मेरी बेस्ट फ्रेंड, टीचर और सुपर वूमेन हैं। यही वजह है कि मैं उन्हें वर्ल्ड की बेस्ट मॉम मानती हूं।' जारा मदर्स-डे सेलिब्रेशन की प्लानिंग के बारे में बताती है, 'मैंने अपने बचपन की फोटोज सेलेक्ट कर छोटा-सा वीडियो बनाया है। साथ ही मैं उनके लिए खुद से ग्रीटिंग कार्ड बना रही हूं।' मदर्स-डे के मौके पर जारा अपनी मम्मी के लिए क्या कोई खास मैसेज देना चाहेगी, पूछने पर बताती है, 'इस मदर्स-डे पर मैं उनसे यही कहना चाहती हूं, मम्मी, आप मेरी सबसे बड़ी आइडियल हैं। मैं चाहती हूं कि जब मैं बड़ी हो जाऊं तो आप मुझ पर गर्व करें। लव यू मम्मा।' *

## मेरी दिली ख्वाहिश है, मम्मी को प्राउड फील कराऊं : वृही कोडवारा



**सोनी सब** के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में वृही कोडवारा, स्वरा का रोल प्ले कर रही है। दर्शक उसके अभिनय से बहुत प्रभावित हैं। अपनी मम्मी की कोई ऐसी खास बात, जो वृही को सबसे ज्यादा अच्छी लगती है, पूछने पर वह बताती है, 'मेरी मम्मी हमेशा मेरी हर छोटी-बड़ी बात ध्यान से सुनती हैं, कभी गुस्सा नहीं करतीं। उनकी प्यारी स्माइल मेरा हर दिन हैप्पी बना देती हैं। मेरी मम्मी वर्ल्ड की बेस्ट मॉम हैं।' मदर्स-डे पर वृही उन्हें कैसे सरप्राइज करेगी? वह बताती है, 'इस दिन मैं मम्मी के लिए एक प्यारा-सा कार्ड बनाऊंगी, उसमें खुद अपने हाथों से मैसेज लिखूंगी। मैं पूरे दिन मम्मी को रेस्ट दूंगी, कोई शरारत नहीं करूंगी।' मदर्स-डे पर वृही अपनी मम्मी को मैसेज देना चाहती है, 'मैं बड़ी होकर मम्मी का हर सपना पूरा करना चाहती हूं। मैं उन्हें प्राउड फील कराऊं, यह मेरी दिली ख्वाहिश है। लव यू मम्मा।' *

## उन्हें वह खुशी दूंगा, जिसकी वे हकदार हैं: अहनफ खत्री



**अहनफ खत्री** जी टीवी के पॉपुलर शो 'कुमकुम भाग्य' में कीर्तन का किरदार निभा रहा है। अपनी मम्मी की खूबियां पूछने पर वह बताता है, 'मेरी मम्मी बहुत अच्छा खाना बनाती हैं। मेरे साथ टाइम स्पेंड करती हैं, जिससे मुझे बहुत अच्छा लगता है। मेरी मम्मी बेस्ट मॉम हैं।' मदर्स-डे को अहनफ किस तरह खास बनाएगा, वह बताता है, 'मैं मम्मी के लिए एक स्पेशल लेटर अपने हाथों से लिखूंगा और उन्हें दूंगा, साथ ही एक ड्रॉइंग भी बनाकर दूंगा। मैं खुद उनका फेवरेट केक बनाऊंगा, क्योंकि उस दिन उनका बर्थ-डे भी है। मम्मी गिफ्ट पाकर बहुत खुश हो जाती हैं, इसलिए मैं उन्हें एक सुंदर-सा गिफ्ट भी दूंगा।' मदर्स-डे पर अहनफ अपनी मम्मी को क्या स्पेशल मैसेज देना चाहेगा, वह बताता है, 'इस दिन मम्मी को यह कहना चाहूंगा कि मैं आपसे बहुत प्यार करता हूं। मम्मी मेरी बहुत केयर करती हैं, स्टडीज में बहुत हेल्प करती हैं। जब मैं बड़ा हो जाऊंगा तो मम्मी को वो सारी खुशी दूंगा, जिसकी वह हकदार हैं। आई लव माय मॉम।' *

**प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स**

फीलिंग्स / डॉ. मोनिका शर्मा

# अपनी लविंग मॉम को ऐसे कराओ हैप्पी फील



बच्चो, मम्मा हर पल तुम्हारे लिए कितना कुछ करती हैं, है ना! तुम पर अपना खूब सारा प्यार-दुलार बरसाती हैं। तुम्हारी पसंद का टेस्टी खाना बनाती हैं। जब कभी तुम रूठ जाते हो तो तुम्हें प्यार से मनाती हैं। तुम जब बीमार हो जाते हो या तुमको चोट लग जाती है तो रात-रात भर जागती हैं। पढ़ाई में हेल्प करती हैं, तुम्हारे संग खेलती हैं। तुम्हारी बातें पूरे ध्यान से सुनती हैं और मजेदार बातों पर तुम्हारे संग खूब हंसती-खिलखिलाती हैं। जिस तरह तुम्हें अपनी मम्मा से ढेर सारा प्यार, सपोर्ट पाकर अच्छा लगता है, वैसे ही मम्मा भी चाहती हैं कि तुम उनसे खूब सारा प्यार करो, उनकी केयर करो और जरूरत पड़ने पर उनकी हेल्प भी करो। तुमको ऐसा जरूर करना चाहिए। तुम उनको किस-किस तरह से हैप्पी फील करवा सकते हो, यहां बता रहे हैं।

**कहो थैंक यू:** जरा सोचो, मां तुम्हारी पसंद-नापसंद का कितना खयाल रखती हैं। तुमसे पूछकर ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर बनाती हैं। जब वो तुम्हारे लिए फेवरेट डिश बनाएं, तो उनसे जरूर कहो, 'सुनो मेरी प्यारी मां, आज लंच/डिनर बहुत टेस्टी है। थैंक यू!' इसी तरह स्टडी में जब भी मॉम तुम्हारी हेल्प करें तो उनको थैंक यू जरूर कहो, इससे उनको बहुत अच्छा लगेगा।



**मम्मी की पसंद का खयाल:** मूवी देखने जाते समय या रेस्टोरेंट में खाना खाते समय क्या तुम मम्मी से उनकी पसंद के बारे में पूछते हो? घर-बाहर कहीं कुछ खाने-पीने से पहले मम्मा को भी प्यार से उनकी पसंद जरूर पूछो। इससे उनको अच्छा फील होगा।

**साथ में बातें करो, हंसो-मुस्कुराओ:** जब भी मां फ्री हों, उनसे खूब बातें करो। उनको अपनी हॉबीज, अपने स्कूल रूटीन के बारे में, अपने फ्रेंड्स के बारे में बताओ, हंसो-मुस्कुराओ। यही सब बातें मां को सुकून देती हैं, उन्हें खुश रखती हैं। मां को खुश रखना, उनकी केयर करने का सुंदर तरीका है। जब कभी किसी बात पर वे उदास हों तो उनसे लिपटकर कहो, 'मुस्कुरा दो ना मम्मा!' तुम्हारे ऐसे कहते ही उनका मूड हैप्पी हो जाएगा।

**करो मां की हेल्प:** मां किसी काम में मदद करने के लिए कम ही कहती हैं। लेकिन तुम खुद आगे बढ़कर छोटे-छोटे कामों को करने में मां की मदद करो। तुम अपनी बुक्स और दूसरी चीजों को अरेंज करके या अपने छोटे-मोटे काम खुद करके भी अपनी प्यारी मम्मा की हेल्प कर सकते हो।

**केयरिंग मॉम की केयर:** तुम्हारी केयर करने में मम्मा कोई कमी नहीं छोड़ती हैं। जितना पॉसिबल हो तुम्हें भी उनकी केयर करनी चाहिए। मां घर के सारे काम समय से करने की भाग-दौड़ में लगी रहती हैं। इसीलिए जब कभी भी मां आराम कर रही हो तो उनको डिस्टर्ब ना करना भी एक तरह से उनकी केयर करना ही है। अगर तुम्हारी मॉम वर्किंग हैं, तो ऑफिस से लौटने पर मम्मा को पानी लाकर दो। उन्हें काम से ब्रेक लेकर टाइम पर खाना खाने और आराम करने के लिए कहो। अगर कभी उनका सिर दर्द हो तो उनके माथे पर बाम लगा दो। मां से कहो कि तुम्हें भी उनकी परवाह है। प्यार भरी तुम्हारी ऐसी बातों और बर्ताव से ही मां का मन खुश हो जाएगा। *

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

## सीख देती कहानियां



एक नया कहानी-संग्रह 'मोती की नाराजगी' कुछ समय पहले छपकर आया है। यों इस किताब की लगभग सभी कहानियां, जानवरों की हैं या उनके इर्द-गिर्द की बातों को लेकर। पर इसकी एक कहानी में एक बच्चे का अपने पिता के साथ मेले जाने का किस्सा भी है। किताब के शीर्षक वाली कहानी में मोती कुत्ता अपनी मालकिन से एक गौरैया के कारण नाराज हो जाता है। लेकिन फिर भी गौरैया के बच्चों पर मुसीबत आने पर वह तुरंत उनकी मदद करने आ जाता है। जानवर हमारे किस तरह मददगार होते हैं, यह 'दोस्तों ने जान बचाई' कहानी में पढ़ा जा सकता है। 'गलती की सजा' अपने बड़ों की बात न मानने के परिणाम को दिखाता किस्सा है। इसी तरह 'दावत महंगी पड़ी' एक शैतान कौवे की कहानी है और 'बात समझ में आ गई' शरीर की बनावट के महत्व को बताती है। *

**किताबः** मोती की नाराजगी, **लेखकः** पवन कुमार वर्मा, **चित्रः** दिलीप कुमार, **मूल्यः** 200 रुपए, **प्रकाशकः** अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली

## हंसगुल्ले



**चिंकी** : तुम आंखें बंद करके चॉकलेट क्यों खा रही हो?
**मिंकी** : क्योंकि कल मम्मी ने मुझसे कहा था कि चॉकलेट की तरफ देखना भी मत!

**-हर्षित, रायपुर**

**पप्पू** : अगर काली बिल्ली तुम्हारा रास्ता काट दे, तो इसका क्या मतलब है?
**गप्पू** : इसका मतलब है कि काली बिल्ली मुझसे ज्यादा जल्दी में है।

**-काव्या, बिलासपुर**

**टीचर** : अच्छा बताओ, समांतर रेखाएं (पैरेलल लाइंस) एक-दूसरे को क्यों नहीं काटती हैं?
**रोहन** : सर, क्योंकि उनके दांत नहीं होते हैं।

**-आर्यन, रोहतक**

## जीके क्विज-153



1. रायपुर (छत्तीसगढ़) में स्थित इंटरनेशनल एयरपोर्ट का क्या नाम है?
2. मध्यप्रदेश के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
3. एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी को किस पद पर नियुक्त किया गया है?
4. इंटरनेशनल फैमिली डे कब मनाया जाता है?
5. भारतीय संविधान में मौलिक कर्तव्यों की संख्या कितनी है?
6. 1857 की क्रांति के दौरान झांसी में क्रांतिकारियों का नेतृत्व किसने किया था?
7. कौन-सा ग्रह सूर्य के सबसे नजदीक परिक्रमा करता है?
8. विश्वप्रसिद्ध पेंटिंग 'मोनालिसा' किसकी कृति है?
9. किस गैस को 'लाफिंग गैस' के नाम से भी जाना जाता है?
10. भारत का सबसे बड़ा रेगिस्तान थार, किस राज्य में स्थित है?

**बच्चों, जीके क्विज-153 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे।**

**जीके क्विज-152 का उत्तर :** 1.भूषण रामकृष्ण गवई, 2.झारखंड, 3.धर्मेंद्र प्रधान, 4.भारत और चीन, 5.बिहार, 6.बिहार, 7.स्विट्जरलैंड, 8.डॉ. मदन कटारिया, 9.गुरु नानक देव, 10.भुवनेश्वर

**जीके क्विज-152 का सही उत्तर देने वालेः** सौरभ-बिलासपुर, लाभांश-दुर्ग, नीटू-कोरबा, रमेश-कोरबा, एकता-ईमेल से, कबीर-हिसार, तृप्ति-रायपुर, आदर्श-कोरबा, संगम-रायपुर, दिवाकर-भोपाल, जतिन-रोहतक, कविश-रायगढ़, रतन-दुर्ग, अर्पित-बिलासपुर, हर्ष-बेमेतरा, तान्या-महासमुंद, प्रेम-दुर्ग

कहानी

नागेश पांडेय 'संजय'

# प्रॉमिस

ऐसा कोई दिन नहीं होता था, सुबह मम्मी के बिना उठाए मोनू उठ जाए। लेकिन उस दिन वह सुबह खुद ही जल्दी उठ गया। इतना ही नहीं, उसने अपने सभी काम स्वयं किए। मम्मी को कुछ नहीं करना पड़ा। मम्मी को यह देखकर बड़ा अचरज हुआ कि एकाएक मोनू में यह बदलाव आया कैसे? यह बदलाव सिर्फ एक दिन के लिए था या हमेशा के लिए?



'उठो बेटा, मोनू। नहीं तो स्कूल के लिए देर हो जाएगी।' रोज ही जब तक यह रटा-रटाया वाक्य आठ-दस बार मोनू के कानों में नहीं पड़ता, उसकी नींद कहां खुलती है। लेकिन आज न जाने क्या हुआ, मोनू खुद ही उठ गया। उठ ही नहीं गया, बिना कहे सुबह के अपने सारे काम भी निपटाए। मोनू ने अपने कमरे की सफाई की, अपनी स्टडी टेबल साफ की, कॉपी-किताबें बुक शेल्फ में करीने से रखी। अपने कपड़े भी वॉर्डरोब में तहाकर रखे। अपने शूज में पॉलिश की। एक दिन पहले स्कूल के टाइमटेबल के हिसाब से बुक्स और कॉपियां भी बस्ते में रखीं ताकि सुबह हड़बड़ी न रहे। मतलब सारे के सारे काम आज उसने खुद किए।

'क्या हो गया है इसे? यह एकदम इतना बदल कैसे गया?' मन ही मन यह सोचते हुए मम्मी ने टेबल पर नाश्ता लगाया। नाश्ते में मोनू की फेवरेट लौकी की पकौड़ी थी। उसने पहली बार इसे मामा के गांव में खाया था और फिर उसका ऐसा स्वाद चढ़ा कि पनीर की पकौड़ियां भूल गया। लेकिन आज हमेशा की तरह मोनू नाश्ते पर टूट नहीं पड़ा। उसने पहले मम्मी के गले में हाथ डाला। उनके माथे को चूमा फिर बोला, 'मम्मी मुंह खोलो, आ करो..।'

'अरे! मैं अभी थोड़े ही खाऊंगी.. तू खा न।' लेकिन मोनू कहां माना। उसने नाश्ते का पहला कौर मम्मी के मुंह में रख ही दिया और उन्हें प्यार से देखने लगा।

मम्मी भौंचक, 'क्या हुआ है तुझे? मैं सपना देख रही हूं क्या!'

'सपना नहीं, सब सच है मम्मी!' पहले मोनू थोड़ा शर्माया फिर बोला, 'मम्मी, आपको पता है न आज कौन-सा डे है?'

मम्मी तुरंत बोलीं, 'संडे है, और क्या, अच्छा अब समझी। आज स्कूल नहीं जाना है, रेस्ट का दिन है। तभी आज खुद सारा काम कर डाला है।'

'नहीं मम्मी, संडे-वंडे की कोई बात नहीं। आज मदर्स-डे है।' मोनू ने चहकते हुए बताया। 'अच्छा.. अच्छा.. अब समझी! कितना अच्छा हो अगर मदर्स-डे रोज हो तो...।' मोनू ने मम्मी की बात पूरी न होने दी। उनके मुंह पर हाथ रखते हुए अनमना-सा बोला, 'ओह मम्मी! अब मुझे चिढ़ाओ नहीं। आगे से मैं अपना सारा काम खुद ही करूंगा। मैंने संकल्प ले लिया है।'

'गुड.. वेरी गुड!' मम्मी की खुशी का ठिकाना न था। तब तक अंदर से पापा आ गए। एकदम बोल उठे, '...और इसके पास आपके लिए एक गिफ्ट भी है। इसने मुझसे...।' वह यह बोलते-बोलते रुक गए, जैसे कोई चूक हो गई हो। चूक तो हुई ही थी। उन्होंने मोनू से प्रॉमिस किया था कि मम्मी को इस बारे में कुछ नहीं बताएंगे।

'ओह पापा! आपने सारा सरप्राइज बेकार कर दिया।' मोनू रूठ सा गया।

'सॉरी.. सॉरी.. बेटा...!' पापा को अहसास हो गया था कि गलती हुई। मोनू संयत हुआ, बोला, 'नहीं पापा.. प्लीज। अब सॉरी नहीं बोलिए। मैं भी तो आपकी और मम्मी की बताई कितनी बातें भूल जाता हूं। मुझसे भी तो गलती होती है। मुझे तो अपनी गलती का अहसास भी नहीं होता, क्योंकि मोबाइल गेम में ऐसा खो जाता हूं कि मुझसे क्या करने को कहा गया था, इसका भी होश नहीं रहता।'

पापा हंसने लगे। मम्मी ने भी भावुक होकर मोनू को गले से लगा लिया। दोनों के मुख से एक ही बात निकली, 'अरे वाह! यह तो बड़ा समझदार हो गया है।'

'और मम्मी यह समझदारी मुझे मिली इस कहानी से।' कहते हुए मोनू ने अपने बस्ते से एक पत्रिका निकाली और झट से पन्ने पलट कर उसमें छपी कहानी 'सरप्राइज गिफ्ट' उन्हें दिखा दी।

मम्मी की खुशी का ठिकाना न था, वह बोलीं, 'अरे वाह! जो बातें हम तुझे न समझा सके। वह एक कहानी ने समझा दी। लाओ, यह पत्रिका मुझे दे दो। मैं भी यह कहानी पढ़ूंगी।' 'मम्मी यही नहीं, आप बाकी कहानियां भी पढ़ना और रोज मुझे एक-एक कर सुनाना। आप खूब कहानियां पढ़ा करें। मुझे सुनाया और समझाया करें। मैं खुद पढ़ता हूं तो बहुत से कठिन शब्दों के अर्थ समझ में नहीं आते और मैं कहानी बीच में ही छोड़ देता हूं।' मोनू एक सांस में यह सब कह गया। पापा जल्दी से कमरे के अंदर जाकर बाहर आते हुए बोले, 'अरे, जब इतना सब हो ही गया है तो फिर मोनू का गिफ्ट भी आपको दिखा ही देते हैं। देखो, यह तस्वीर मोनू ने बनाई है, इसे अपनी ही पॉकेट मनी से फ्रेम कराने के लिए मुझसे कहा था।'

मम्मी ने लपक कर वह तस्वीर पापा के हाथों से ले ली। मोनू ने मम्मी का प्यारा-सा चित्र बनाया था। नीचे लिखा था, 'मेरी प्यारी मम्मी, हैप्पी-मदर्स-डे। अब मैं आगे से आपकी हर बात मानूंगा, प्रॉमिस।'

मम्मी ने तस्वीर को सीने से लगा लिया और आंखों की गीली हो चुकी कोरों को पोंछने लगीं। *

कविता

सूर्यकुमार पांडेय



## मम्मी का गिफ्ट

है मदर्स-डे आने वाला,
मम्मी को क्या दें उपहार!
बहन और भाई मिल बैठे,
दोनों करने लगे विचार।
गुल्लक, पॉकेटमनी मिलाकर,
रुपए जुड़े तीन सौ चार।
इतने में क्या चीज मिलेगी,
महंगा है सारा बाजार।
छोड़ो, सरप्राइज क्या देना,
हुए एकमत और तैयार।
चलो चलें, मम्मी से पूछें,
गिफ्ट उन्हें क्या दें इस बार!
मम्मी सुनकर हंसीं जोर से,
गिफ्ट तुम्हारा रहा उधार।
ओ मेरी आंखों के तारों,
तुम ही हो मेरा उपहार।
यह ही सुंदर गिफ्ट तुम्हारा
अपनी मां से सच्चा प्यार।
पढ़ो, बढ़ो, खुश रहो लाडलो
जग-मग कर दो यह संसार।

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां दिए गए एक समान दिखने वाले दो चित्रों में मम्मी अपनी प्यारी बिटिया के पास इस इंतजार में बैठी है कि वह गहरी नींद में सो जाए। इन चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम्हें ये सारे अंतर खोजने हैं, तो देर किस बात की, पांच मिनट में फटाफट अंतर खोजो।



## चित्र पूरा करो

बच्चो, यहां मदर्स-डे से रिलेटेड एक अधूरा चित्र और उसके बगल में कुछ कट-आउट्स दिए गए हैं। तुमको इन कट-आउट्स को सही जगह लगाकर चित्र पूरा करना है।

